इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -251 | राजनांदगांव, रविवार 28 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## ममता के दावों पर नीति आयोग की सफाई, कहा- बंगाल की सीएम को बोलने का पूरा मौका मिला

नई दिल्ली। नीति आयोग ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वाकआउट पर सफाई दी। ममता ने दावा किया था कि नीति आयोग की बैठक में मुझे मेरे भाषण के दौरान रोका गया। जबकि मैं विपक्ष की एकमात्र प्रतिनिधि थीं। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने शनिवार को ममता के इस बयान पर सफाई दी।



### सभी प्रतिनिधियों को सात मिनट का समय दिया गया था

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि ममता बनर्जी ने लंच से पहले बोलने का अनुरोध किया था। सभी मुख्यमंत्रियों को सात मिनट का समय दिया गया था। ममता को गुजरात के पहले बुलाया गया था। नीति आयोग ने कहा कि सभी मुख्यमंत्रियों को एक समान समय दिया गया था। ममता बनर्जी ने अपने निर्धारित समय के मुताबिक बयान दिया और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उनके जाने के बाद भी उनके मुख्य सचिव बैठक में मौजूद रहे।

### 'जो लोग बैठक में शामिल नहीं हुए यह उनका नुकसान'

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि बैठक से अंतिम समय में बहुत से लोग बाहर निकल गए। कुछ राज्य जिन्होंने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया उनकी भी स्पीच हमारे पास है। इस बैठक में झारखंड और पुडुचेरी शामिल नहीं हुए। सभी लोग बहिष्कार के कारण मीटिंग से बाहर नहीं गए। जो लोग हिस्सा नहीं ले पाए, उनके लिए मैं हमेशा कहता हूं कि यह उनका नुकसान है। अगर वह हमारे और उनके लिए दोनों के हित के लिए बैठक में मौजूद हैं तो यह अच्छी बात है। अगर कोई भाग नहीं लेतास है तो उसे मीटिंग से बाहर नहीं किया जाएगा।

**ममता बनर्जी ने क्या आरोप लगाए-** ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि उन्हें केवल पांच मिनट बोलने दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### स्टालिन समेत 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों का बहिष्कार

नीति आयोग की बैठक को लेकर राजनीति भी चरम पर है। इंडिया गुट में शामिल कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों जैसे- तमिलनाडु के एम.के. स्टालिन, पंजाब के भगवंत मान, केरल के सीएम पिनराई विजयन, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सुक्खू ने इस बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया। उन्होंने संघीय बजट में अपने राज्यों के साथ भेदभाव और केंद्र सरकार द्वारा उनके राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगाया है।

### 10 राज्यों के प्रतिनिधि बैठक में नहीं हुए शामिल

नीति आयोग की बैठक में 10 राज्यों के मुख्यमंत्री अनुपस्थित रहे। इनमें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुडुचेरी शामिल हैं। बैठक का एजेंडा 'विकसित भारत' था। नीति आयोग ने जीवन को आसान बनाने, पेयजल स्वच्छता और भूमि प्रबंधन पर विज़न डॉक्युमेंट प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने शून्य गरीबी की बात की, जिसका लक्ष्य गांवों को शून्य गरीबी घोषित करना है।

## दिल्ली में बीजेपी की बड़ी बैठक, भाजपा शासित सभी राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम मौजूद, मांगा गया रिपोर्ट कार्ड

नई दिल्ली। नीति आयोग शासी निकाय की बैठक में शामिल न होकर विपक्ष ने विकसित भारत के मोदी सरकार के लक्ष्य में असहयोग का बिगुल भले ही फूंक दिया हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डबल इंजन सरकार के सहारे अपने संकल्प रथ को गति देने के लिए तैयार हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में शुरू हुई भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक में पार्टी का जोर इसी पर है।




### चुनाव के बाद पहली बैठक

हर राज्य की ओर से विकास का खाका पेश किया जाना है। बैठक को प्रधानमंत्री भी संबोधित करेंगे। केंद्र में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। शनिवार शाम को पीएम के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पार्टी मुख्यालय पहुंचे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सबसे पहले प्रधानमंत्री का तीसरी बार लगातार विजय के लिए अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक के उद्देश्य पर विचार रखा।

### मुख्यमंत्रियों से मांगा गया ये ब्योरा

बताया गया है कि पार्टी की ओर से सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों से पहले ही कह दिया गया था कि अपने-अपने राज्यों में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं की अद्यतन स्थिति, उनकी सफलता और लागू करने में आ रही बाधा पर रिपोर्ट सहित प्रदेश सरकारों ने सभी वर्गों के कल्याण को लक्षित करते हुए जो भी योजनाएं और नवाचार शुरू किए हों उनका ब्योरा लेकर आएं। सभी सीएम और डिप्टी सीएम इस तैयारी के साथ पहुंचे हैं।

### राज्यों के कार्यकलापों का प्रस्तुतीकरण करेंगे सीएम

गौरतलब है कि इस तरह की बैठक कर एक दूसरे की अच्छी योजनाओं का अनुसरण करने को कहा जाता है। ऐसी ही एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना के लिए पूरा ड्राफ्ट तैयार करने का निर्देश दिया था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईओडब्ल्यू और एसीबी अब जुआ एक्ट की सभी धाराओं में कर सकेंगी जांच




रायपुर। छत्तीसगढ़ में ईओडब्ल्यू और एसीबी की जांच का दायरा अब राज्य सरकार ने बढ़ा दी है। दोनों एजेसियां अब जुआ एक्ट की सभी धाराओं में जांच और कार्यवाही कर सकेगी। राज्य सरकार ने एजेंसियों को यह अधिकार देने के लिए सरकार ने नियमों में बदलाव किया है।

इसको लेकर बाकायदा राज्य सरकार की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। विभागीय अफसरों की मानें तो ईओडब्ल्यू और एसीबी अब जुआ एक्ट 2022 के तहत राज्य में जांच और कार्यवाही कर सकेगी। राज्य सरकार ने दोनों एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में यह बढ़ोतरी महादेव सट्टा एप केस की जांच के लिए की है।

### महादेव सट्टा एप में जांच में हो रही थी दिक्कत

उल्लेखनीय है कि, पूववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उजगार हुए इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू और एसीबी को सौंपी गई है। बताया जाता है कि, ईओडब्ल्यू-एसीबी के पास अर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार की ही जांच का अधिकार हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएसआईआर-नेट परीक्षा में नकल, आईटी मैनेजर सहित 7 गिरफ्तार

मेरठ। सीएसआईआर नेट की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में ऑनलाइन नकल के मामले पर एसटीएफ मेरठ यूनिट ने बड़ा एक्शन लिया है. अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल करने वाले सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के आईटी मैनेजर सहित 7 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं. गिरफ्तार अभियुक्तों में सुभारती आईटी मैनेजर अरुण शर्मा, कंप्यूटर लैब असिस्टेंट विनीत कुमार, आईटी कंपनी का सॉफ्टवेयर ऑपरेटर अंकुर सैनी, अंकित, तमन्ना, मोनिका, ज्योति हैं. इनके पास से एक लैपटॉप, पांच सीपीयू, दो ब्लूटूथ पेन ड्राइव, 4 सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा के प्रवेश पत्र, चार मोबाइल, पैन कार्ड आदि बरामद किए गए हैं.

सुभारती विवि में एसटीएफ को ऑनलाइन परीक्षा भर्ती में सिस्टम हैक करके एवं सॉल्वर बैठकर परीक्षा करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हुई थी. इसके संबंध में एसटीएफ ने सुभारती विश्वविद्यालय में छापेमारी की. एसटीएफ ने बताया कि वर्तमान समय में सीएसआईआर नेट की भर्ती परीक्षा की जा रही है जो एनएसई आईटी कंपनी द्वारा कराई जा रही है.



एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सुभारती कॉलेज स्थित लॉ डिपार्टमेंट की कम्प्यूटर लैब में आयोजित हो रही सीएसआईआर नेट की ऑनलाइन परीक्षा में सुभारती विश्वविद्यालय में नियुक्त आईटी मैनेजर ने लैब से अलग अपने रूम में अनाधिकृत सिस्टम तैयार कर अपने माध्यम से परीक्षा में सेंध मारी करके अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर परीक्षा पास करने का कार्य किया जा रहा है. इस सूचना पर एसटीएफ ने छापेमारी की और वहां से 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. सुभारती विश्वविद्यालय में नियुक्त आईटी मैनेजर अरुण कुमार ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अनाधिकृत रूप से अपने रूप में सीपीयू तैयार किया. जिसे परीक्षा लैब में सर्वर के नेटवर्क से कनेक्ट कर रखा था तथा जिस अभ्यर्थी की परीक्षा का प्रश्न पत्र हल करना होता था; उसकी परीक्षा के लिए आवंटित किए गए सिस्टम का आईपी एड्रेस लैब में मौजूद विनीत कुमार लैब असिस्टेंट सुभारती विश्वविद्यालय में मेरठ अंकुर सैनी सर्वर ऑपरेटर की मदद से पता करके परीक्षा केंद्र से बाहर बैठे अन्य साथियों को बता देता था. तैयार किए गए इस अनाधिकृत सिस्टम का एक्सेस भी रिमोट एक्सेस टूल के माध्यम से अजय उर्फ बच्ची को दे देता था.

### सुभारती विश्वविद्यालय ने पल्ला झाड़ा, कहा- हमारा लेना-देना नहीं

अजय बाहर बैठकर एनीडेस्क की मदद से दिए गए आईपी के जरिए सिस्टम के माध्यम से अभ्यर्थियों का प्रश्न पत्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री मांडविया से मिले विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह





रायपुर(दावा)। आज केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया रायपुर पहुंचे। यहां उनहोंने केंद्र सरकार की बजट पर मीडिया से चर्चा की। इसी दौरान स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आत्मीक मुलाकात की। इस दौरान भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व संयुक्त सचिव डॉ. विक्रम सिसोदिया ने श्री मांडविया से सौजन्य भेंट की। सौजन्य भेंट के दौरान श्री सिसोदिया ने खेल मंत्री श्री मांडविया को पेरिस ओलंपिक के लिए गए भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ में हो रही खेल गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। उल्लेखनीय है कि, डॉ. विक्रम सिसोदिया साल 2018 में ऑस्ट्रेलिया में हुए कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन रह चुके हैं।

**छत्तीसगढ़ में चल रही खेल गतिविधियों पर की विस्तृत चर्चा**

## छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया : बजट को लेकर की चर्चा, बोले- 2047 तक विकसित भारत बनाना पीएम मोदी का लक्ष्य

रायपुर। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। शनिवार को बीजेपी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बजट को लेकर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। जहां केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया ने कहा कि, मोदी 3.0 का पहला बजट कैसा है। इस बजट के माध्यम से उनकी सोच दिखती है। पीएम मोदी देश कों विकसित बनाने के लिए काम कर रहे है।



उन्होंने आगे कहा कि, आप मोदी 3.0 के पहले बजट का विश्लेषण कर सकते हैं। पीएम मोदी ने अमृत काल का जो संकल्प लिया है, उसके लिए वो भारत को डेवलप करने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 2047 का लक्ष्य रखा है और तब तक भारत को विकसित देश बनाना है। देश के लिए विकास के लिए चार पिलर तय किए गए हैं। जिसमें युवाओं को रोजगार चाहिए। इसलिए एम्प्लॉयमेंट और युवा बजट सेंट्रिक पोजिशन पर है। देश में छोटे उद्योग, लघु उद्योग और स्वस्थ्य से देश का डेवलपमेंट हो सकता है।

### पीएम मोदी ने तय की है 9 प्राथमिकताएं

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने आगे कहा कि, देश जब आजाद हुआ था, तब हमारा नारा था रोटी, कपड़ा और मकान। लेकिन आज नारा है रोड, पानी और लाइट। यह सुविधा केंद्र को उपलब्ध करानी है। आम आदमी की आबादी बढ़ी है इसलिए बजट में उनके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रधानमंत्री ने 9 प्राथमिकता तय की है। जिसमें किसानों की मदद करने के लिए 1 लाख 52 हजार का प्रावधान किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनंतनाग में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के आठ लोगों की मौके पर ही मौत

अनंतनाग। दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के डकसुम में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग किश्तवाड़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



जानकारी के अनुसार परिवार किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहा था।

पुलिस ने बताया मरने वालों में पांच बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। इनकी पहचान कर ली गई है। जिसमें इम्तियाज राथर पुत्र गुलाम रसूल राथर निवासी किश्तावर, उम्र 45, अफरोजा बेगम पत्नी इम्तियाज अहमद राथर निवासी किश्तावर, उम्र 40, रेशमा पत्नी माजिद अहमद, उम्र 40, अरीबा इम्तियाज पुत्री इम्तियाज अहमद, उम्र 12, अनिया जान पुत्री इम्तियाज अहमद, उम्र 10, अबान इम्तियाज पुत्री इम्तियाज, उम्र 6, मुसैब माजिद पुत्र माजिद अहमद, उम्र 16, मुशैल माजिद पुत्र माजिद अहमद, उम्र 8 के शव बरामद किये।

एक अधिकारी ने बताया कि किश्तवाड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एनकाउंटर, 1 जवान शहीद, मेजर समेत 4 जवान घायल, एक आतंकी भी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आज सुबह एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसके बाद सेना और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हुआ। इस एनकाउंटर में एक जवान की शहादत की खबर सामने आई है।



वहीं रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस हमले में एक मेजर समेत चार जवान भी घायल हो गए हैं। सेना और आतंकियों के बीच यह एनकाउंटर माछिल सेक्टर के पास हुआ है। हमले में घायल जवानों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस आतंकी हमले में एक भारतीय जवान की शहादत हुई है। वहीं अब तक जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया है।

### छिपकर किया जवानों पर हमला

जानकारी के मुताबिक सेना के जवानों को कमकारी इलाके में पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी, और इसीलिए वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इसमें कुछ जवान घायल हो गए। दूसरी ओर आशंका ये भी है कि हमले के बाद आंतकी जंगल में भाग गए हैं। अतिरिक्त जवानों को जंगल में भेजा गया है जो कि आतंकियों की तलाश में जुट गए हैं।

गौरतलब है कि बीते बुधवार को ही जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा केकोवुत इलाके में एक आतंकी हमले में नॉन कमीशंड ऑफिसर दिलावर सिंह घायल हो गए थे और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद एनकाउंटर में सेना ने एक आतंकी को भी ढेर कर दिया था। वहीं मंगलवार को पुंछ में हुए आतंकियों के साथ एनकाउंटर में लांस नायक सुभाष कुमार शहीद हो गए थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी अगले पांच सालों में 10 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य : साय

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में राज्य की विकास योजना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि , छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वर्तमान में राज्य का जीएसडीपी 5.05 लाख करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है। बैठक में



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है।

छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यावसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएँ देना है जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी कार्ड' बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, सतत विकास, और राज्य की संस्कृति व परंपरा के संरक्षण की योजना साझा की। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ सुपर फूड्स की पैदावार और प्राकृतिक औषधालयों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी सेक्टर के विस्तार के साथ-साथ सड़कों, इमारतों जैसी भौतिक संरचनाओं और इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क जैसी डिजिटल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए केंद्र से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है और 100 गांवों को पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीता अंबानी ने ओलंपिक भारत लाने की वकालत की

मुंबई/पेरिस। रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता एम अंबानी ने ओलंपिक को भारत में लाने की वकालत की है। श्रीमती अंबानी ने पेरिस में ओलंपिक खेल 2024 की शुरुआत के एक दिन बाद भारत के पहले कंट्री हाउस/इंडिया हाउस का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने पारंपरिक भारतीय तरीके से दीप प्रज्वलित करके इंडिया हाउस को शुरूआत की। उद्घाटन समारोह में देश विदेश के मेहमान, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अधिकारी और भारत की मशहूर हस्तियां शामिल थी। इस दौरान आईओसी समिति के सदस्य सेर मियांग एनजी, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)








# विद्युत खंभों में तारों का मकड़जाल शार्ट सर्किट होने का बन रहा कारण

## खंभों में लता गुल्मों की हरियाली छाई, विद्युत विभाग का ध्यान नहीं

राजनांदगांव (दावा)। शहर में लगे विद्युत विभाग के लगे खंभों में तारो का मकड़जाल व लता-गुल्मो की हरियाली छाई रहने से शार्ट सर्किट का कारण बन रहा है। शहर सहित गांव देहात के इलाकों में यह दृश्य आम तौर पर देखा जा सकता है। विद्युत द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिये जाने से यह आए दिन शार्ट सर्किट का कारण बन रहा है।

इस तरह की घटनाओं से लोगों के जान-माल का खतरा बना रहता है। एक तो इन दिनों दिन में बिजली विभाग का दसियो बार विद्युत गुल किए जाने का कारनामे देखने में आ रहे है, वहीं अब बारिश के दिनों में भी शार्ट सर्किट होने का कमाल भी देखने को मिल रहा। शुक्रवार को सुबह के समय इधर बारिश हो रही थी और गुड़ाखू लाइन क्षेत्र में बिजली के खंबे में शार्ट सर्किट होने से वह धूं- धूं कर जलता रहा। गनीमत है कि बारिश होते रहने की वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। नहीं तो आम दिन होने पर बिजली खंभे के धूं- धूं कर जलने से इस रोड से आवागमन करने वाले चपेट में आ सकते थे जिससे गंभीर हादसा हो सकता था। वैसे बता दें कि गुड़ाखू लाइन में दुकानें होने की वजह से ज्यादा तर लोगों का




आवागमन बना रहता है। गुड़ाखू लाइन में व्यवसायियोंकी दुकानों में आम तौर पर भीड़ बनी रहती है। गनीमत है कि बारिश का समय होने से किसी तरह का हादसा होने से बच गया।

बता दें कि चार-पांच दिन पहले भारत माता चौक के समीप एक ज्वेलरी शाप में ऐसे ही शार्ट सर्किट होने से दुकान के सामने लगे विद्युत मीटर म आग पकड़ लिया और वह धूं- धूं कर जलने लगा। आसपास के लोगों ने दौड़ कर उसे बुझाया। अपने दुकान के विद्युत मीटर में बारिश के दिनों में अचानक लगी आग से ज्वेलरी शाप वाला सर्राफा व्यापारी आश्चर्य चकित हो गया और उन्हें विद्युत मीटर में लगे आग को बुझाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान लोगों की वहां भीड़ लग गई और वाहनों का जमावड़ा होने से वहां पर जाम लग गया।

लोगों का कहना है कि मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद करने वाला विभाग विद्युत खंभों में होने वाली घटनाओ को रोक नहीं पा रहा है। गुड़ाखू लाइन में मनीष गारमेंट से लगे बिजली खंभे में जबरदस्त लगी आग से पटाखों की लड़ी फूटने जैसी आवाज हो रही थी इससे लोग दहशत में आ गये थे। बता दें कि गुड़ाखू लाइन में एक नहीं तीन स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर है। एक ट्रांसफार्मर में हुई शार्ट सर्किट से लगी आग से हालांकि कोई जन-धन की हानि नहीं हुई लेकिन सुबह हुई उक्त घटना के समय दुकानें नहीं खुली थी अन्यथा बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

लोगों ने विद्युत विभाग पर तंज कसते हुए कहा कि एक बार गर्मी के दिनों में ज्यादा लोड होने की वजह से शार्ट सर्किट होना समझ में आता है लेकिन बारिश के दिनों में शार्ट सर्किट होना पल्ले नहीं पड़ रहा। लोगों का कहना है कि विद्युत खंभों में तारों का मकड़जाल रखने वाले यह कमाल विद्युत विभाग ही कर सकता है। बहरहाल कामठी लाइन के खंभे में शार्ट सर्किट होने से लगी आग के चलते उक्त क्षेत्र में काफी समय तक विद्युत अवरोध बना रहा। इससे कामठी लाइन के दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। विद्युत विभाग को सूचना मिलने पर आकर शार्ट सर्किट वाले विद्युत खंभे को ठीक किया गया। इसके बाद बिजली गुल का सामना कर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल पाई।

# नियमितकरण की मांग वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम

## माँग पूरी न होने से 11 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ रायपुर के आव्हान पर जिला राजनांदगांव के 350 वन विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर रहेगें। इसमें से प्रमुख कर्मचारी के रूप में सामान्य वन मंडल, तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक (चौकीदार) वाहन चालक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक भी शामिल रहेगें।



वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री, वनमंत्री से मुलाकात की और उन्हें वन विभाग में वनरक्षक, वाहन चालक के पदों पर हो रहे सीधी भर्ती पर रोक लगाने आग्रह एवं निवेदन किया गया। समस्त छ.ग. के दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने गुरूवार को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर ध्यान आकर्षित कराया एवं विरोध प्रदर्शन यह शिलसिला 3 अगस्त तक चलता रहेगा। इसके पश्चात 4 अगस्त से समस्त मंत्रियों के बंगले का घेराव किया जायेगा। कर्मचारियों का कहना है कि, पूर्ववर्तित कांग्रेस सरकार द्वारा अनुपूरक बजट में पास किया गया। श्रम सम्मान राशि 4000 रूपये भी नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में छ.ग. भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा नियमितकरण, स्थायीकरण कमेटी बनाई गई है, जिसकी रिपोर्ट आजतक सर्वाजनिक नहीं किया गया है और न ही निर्णय लिया गया है। हम सबकी आशा है कि, माननीय मुख्यमंत्री जी से कि वे हमारी मांगे नियमितकरण,स्थायीकरण,श्रम सम्मान राशि 4000 रूपये जल्द से जल्द पूरी की जाये।

यह जानकारी जिलाध्यक्ष सोमनराव ने दी।

# पहला कॉलम...

## आज पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव आज 28.07.2024 दिन रविवार को 11 बजे दिन से ठाकुर प्यारेलाल स्कूल के सभागृह में संपन्न होगा। अतः सभी 965 मतदाता पेंशनर जिनका नाम मतदाता सूची में है, उन्हें चुनाव में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया है। कार्यकारिणी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू एवं प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता सभी कक्षा में प्रवेश करने से पहले रजिस्टर में अपना पंजीयन करावें, जिनका पंजीयन होगा, वही हॉल में प्रवेश करेंगे। उनके लिये भोजन व्यवस्था की गई है। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे द्वारा दी गई।



## आज सिन्हा कलार समाज की बैठक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का शहर मंडल राजनांदगांव बैठक 28 जुलाई दिन रविवार को 11 बजे समाजिक भवन दीवाना टोला में रखा गया है मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया है कि सर्वप्रथम देव पूजन के साथ प्रारंभ उसके पश्चात उक्त बैठक में आवेदन पर चर्चा सामाजिक चिन्तन कार्यक्रम रखा गया है तहसील के मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष जयदीप सिन्हा, सचिव सुनीता सिन्हा उपस्थित रहेंगे आप सभी स्वाजातीय बंधु अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनाये।

## आज मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक

डोंगरगांव (दावा)। मंडल भारतीय जनता पार्टी की विशेष कार्यसमिति की बैठक कल स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में दोप. 1 बजे से आहूत की गई है। बैठक में प्रमुख वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव तथा पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंडल भाजपा महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि जिला कार्यसमिति की बैठक के बाद नियमानुसार प्रत्येक मंडल में कार्यसमिति की विशेष बैठक आहूत की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से आगामी नगरीय तथा त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश तथा प्रदेश कार्यसमिति में पारित प्रस्ताव के संबंध में जानकारी व चर्चा की जायेगी। उन्होनें मंडल भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्य, शक्ति केन्द्र प्रभारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख, जिला पंचायत, नगर पंचायत, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, भाजपा समर्थित सरपंच, पंच सहित सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।

# मवेशी धरपकड़ अभियान आज पकड़े 12 मवेशी



राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को प्रतिदिन पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 12 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। इस संबंध में जिलाधीश संजय अग्रवाल ने निर्देश दिये थे और आज कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तथा उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा के साथ मवेशी धरपकड अभियान का जायजा लिया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो नंदई, कुँआ चौक, इंदिरा नगर, कमला कालेज चौक, रामकृष्ण नगर तथा हाईवे रोड से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 12 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। एक सप्ताह में शहर के विभिन्न चौक चौराहों से 29 मवेशी पकडे गये थे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा।

# डी.पी.एस. सैनिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। शाला के निदेशक अभिषेक वैष्णव, रामदेव राठी एवं सुनील ओसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने चयनित छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारी-हेड ब्वॉय हिमेश गावड़े, हेड गर्ल प्राची जोशी, वायस हेड ब्वॉय अर्पित तिवारी, वायस हेड गर्ल श्रृखला साहू, डिसीप्लीन सेक्रेटरी ब्वॉय आर्यन लुइस, डिसीप्लीन सेक्रेटरी गर्ल अंकिता वर्मा, जूनियर डिसीप्लीन सेक्रेटरी ब्वॉय मृदुल वैष्णव, जूनियर डिसीप्लीन सेक्रेटरी गर्ल अवनी गोलछा, लेंग्वेज को-ऑर्डिनेटर आयुषी बिसेन, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी ब्वॉय हेमंत नेताम, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी गर्ल सुनैना डुडावन, मेस सेक्रेटरी ब्वॉय अमन डहरिया, मेस सेक्रेटरी गर्ल मोनिका टंडन, जूनियर मेस सेक्रेटरी ब्वॉय यश आचला, जूनियर मेस सेक्रेटरी गर्ल सायना महेश्वरी, कल्चरल सेक्रेटरी ब्वॉय अक्षत जयसवाल, कल्चरल सेक्रेटरी गर्ल डॉली जांगड़े, स्कूल प्रीफैक्ट ब्वॉय अंकित सिंह, स्कूल प्रीफैक्ट गर्ल प्रिशिता श्रीवास्तव, ब्रेवरी हाऊस कैप्टन ब्वॉय रनवीर गोटी, ब्रेवरी हाऊस कैप्टन गर्ल रासो कोवसी, ब्रेवरी वायस हाऊस कैप्टन ब्वॉय इन्द्रजीत वर्मा, ब्रेवरी वायस हाऊस कैप्टन गर्ल करिश्मा खाखा, ऑनेस्टी हाऊस कैप्टन ब्वॉय राहुल खांडे, ऑनेस्टी हाऊस कैप्टन गर्ल मिनाक्षी डहरे, ऑनेस्टी वायस हाऊस कैप्टन ब्वॉय चंदन साहू, ऑनेस्टी वायस हाऊस कैप्टन गर्ल गरिमा लकरा, विक्ट्री हाऊस कैप्टन ब्वॉय साहिल तिरके, विक्ट्री हाऊस कैप्टन गर्ल नैन्सी टोप्पो, विक्ट्री वायस हाऊस कैप्टन ब्वॉय श्रेनिक राज संचेती, विक्ट्री वायस हाऊस कैप्टन गर्ल खुशी साहू, विसडम हाऊस कैप्टन ब्वॉय रूद्र कुमार खाण्डे, विसडम हाऊस कैप्टन गर्ल नताशा, विसडम वायस हाऊस कैप्टन ब्वॉय आदित्य कुमार मेजरवार, विसडम वायस हाऊस कैप्टन गर्ल कुमकुम हिडसो, सिनियर हॉस्टल हेड ब्वॉय अभिषेक टोप्पो, सिनियर हॉस्टल हेड गर्ल पायल ध्रुव, जुनियर हॉस्टल हेड ब्वॉय काव्या चौहान, जुनियर हॉस्टल हेड गर्ल आभा टेकाम, सैनिक स्कूल से अल्फा हाऊस कैप्टन कुमार आनंद, ब्रावो हाऊस कैप्टन गुल्जार, चार्ली हाऊस कैप्टन जयंत, डेल्टा हाऊस कैप्टन आयुष, सैनिक स्कूल हॉस्टल हेड राहुल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को गणमान्य अतिथियों ने सराहा। शाला के निदेशक रामदेव राठी ने छात्र पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य का बोध कराते हुए उन्हें अपने कार्यों को निष्पक्ष एवं अनुशासित तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्देशक अभिषेक वैष्णव ने कहा कि किसी भी कार्यकारिणी के गठन का मतलब यह है कि वह संस्थान हर तरफ से अनुशासित एवं नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें। अनुशासनहीनता से कार्य में अनेक बाधाएं आती है।

पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों उनके भावी जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। शाला प्रबंधन ने क्रीडा विभाग सहित शिक्षक/शिक्षिकाओं को साधुवाद देते हुए डीपीएस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाला के निदेशकगण एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं ने विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के साथ परिसर में पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के समापन पर हेड ब्वॉय हिमेश गावड़े एवं गर्ल प्राची जोशी ने वोट ऑफथैंक्स दिया।

# शिव सेवा मंडल द्वारा भगवान महाकाल की पालकी यात्रा निकलेगी

राजनंदगांव (दावा)। भगवान महाकाल की पालकी यात्रा सावन सोमवार को लाल बागेश्वर धाम के तत्वाधान में निकाली जाएगी। शिव सेवा मंडल के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि 29 जुलाई सोमवार को शाम 6 बजे हेमू कॉलोनी चौक में पालकी यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा, तत्पश्चात पालकी यात्रा हेमू कालानी नगर भ्रमण कर गली नंबर 5 स्थित शिव धाम पहुंचेगी। श्री तेजवानी ने इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति का आह्वान करते हुए बताया की पालकी उठाने हेतु पुरुष धोती एवं कुरता तथा महिलाएं साड़ी एवं सलवार सूट पहनकर आए और पालकी उठाकर भगवान महाकाल के आशीर्वाद के भागीदार बने।

0 सिद्ध पीठ मंदिर में बारिश से 29 अगस्त तक




गली नंबर 5 स्थित बागेश्वर शिव धाम में 22 जुलाई से 29 अगस्त तक सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रातः 8 से 9 बजे एवं रात्रि 8 से 9 बजे आचार्य द्वारा रुद्राभिषेक एवं शिव चालीसा का पाठ प्रतिदिन किया जा रहा है तथा महाकाल की आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया जा रहा है. मंदिर समिति के हरि तेजवानी ने सभी भक्तगणों से उक्त अवसर पर पधारकर अपना भाग्य जगाने का आव्हान किया है।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव, छत्तीसगढ पिन 491441 (फोन 07744-225036/229161)**

क्रमांक, 02/पुस्तकालय/04/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 24/07/24

**// पुस्तकें e-books, CD, DVD क्रय करने हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना //**

शिक्षा सत्र 2024-25 अथवा नयी दरें स्वीकृत होनें तक के लिये विभिन्न मदों (प्राप्ति की प्रत्याशा) में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषय की पुस्तकें e-books, CD, DVD क्रय किया जाना है। प्रकाशकों, वितरकों एवं सप्लायरों से खुली निविदा, दो (अलग अलग) लिफाफा पद्धति से, अंतिम तिथि 06/08/24... बजे तक आमंत्रित की जाती है।

अन्य विवरण नियम व शर्तें महाविद्यालय सूचना पटल, अथवा website:www.gdcr.ac.in में देखी जा सकती है।

जी - 242501380/2

**प्राचार्य शासकीय दिग्विजय स्नाकोत्तर राजनांदगांव (छ.ग.)**

**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2024-2025**
in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science and Mathematics

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 23 and 24, 2024 and in Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM)** (for Mathematics) on **September 8, 2024.**
Qualification in NSE/IOQM is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2025.**
To enroll:
**NSEs**: **https:**//www.iapt.org.in **(Aug 21 - Sep 14, 2024)**
**IOQM**: https://www.mtai.org.in **(July 17 - Aug 12, 2024)**

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in https://www.mtai.org.in

CBC 48143/12/0003/2425

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार राजेश माखीजा आ. स्व. जयकुमार माखीजा निवासी प्लाट नंबर 28, बाबा दीपसिंह नगर, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने ईश्वर साहू आ. तीरथ राम साहू निवासी ग्राम व पोस्ट बरबसपुर तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 937/1 रकबा 1.06 एकड़ अर्थात 0.429 हे. स्थित ग्राम बरबसपुर प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. उपरवाह तहसील व जिला राजनांदगांव को क्रय करने का सौदा किया है और सौदा पेटे बयाना राशि भुगतान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है। उक्त सौदाशुदा भूमि का अब मात्र पंजीयन कार्यालय राजनांदगांव से पंजीकृत बयनामा निष्पादित कराना शेष है। उक्त सौदाशुदा भूमि के संबंध में यदि किसी आम या खास शख्स अथवा शासकीय/अर्धशासकीय/निकाय/वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर आपत्ति हो तो सक्षम दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उपर वर्णित सौदा शुदा भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जायेगा। तत्पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार से आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा और वह निष्प्रभावी माना जावेगा।

अतः सूचना जाने......।

राजनांदगाव.
दिनांक:-27/07/2024

**भवदीय,
जी.डी. साहू, अधिवक्ता
निवास/कार्यालय-ग्राम गठुला,
पोस्ट-बोरी, जिला-राजनांदगांव
मो.न. 9907979554**

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**

**125-8 135-9**

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नगर पंचायत छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0**

क्र./395/SBM / न.पं. / 2024 दिनांक 25/07/2024

**// आवश्यकता //**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं : -

| इंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05/08/2024 | 4500/- | 02 | 8982624140 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-छुरिया**

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) राजनांदगांव (छ.ग.)**

**- निविदा सूचना -**

राजनांदगांव, दिनांक 25-07-2024

छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक एफ-3-62/2020/ वा.क. (आब) / पाँच नवा रायपुर, दिनांक 21.07.2020 में देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सोमनी पूर्व को राजनांदगांव नगर पालिक निगम सीमा के भीतर स्थापित करने हेतु अनुमति प्रदान किया गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव नगर निगम सीमा परिक्षेत्र के भीतर उपरोक्त मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान/परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों द्वारा निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेकनिकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फाईनेन्सियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | विवरण |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | नगर निगम सीमा परिक्षेत्र के भीतर, खैरागढ़ रोड़ में देशी/विदेशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान सोमनी पूर्व पूरे साज सज्जा से युक्त एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। |


इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 12/08/2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13/08/2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 13/08/2024 को 1.00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

जी- 242501395/3

**सहायक आयुक्त आबकारी,
हेतु कलेक्टर राजनांदगांव (छ.ग.)**

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
**हण्डा**
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th July to 01st Aug 2024



Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Raayan (Hindi) - 06:00 & 09:00 pm
Bad Newz - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा : आज मोतीपुर में हुआ शुभारंभ

**○ 10 अगस्त तक वार्डो में शिविर आयोजित**
**○ आज निगम सभागृह में एवं 29 को देवांगन समाज भवन चिखली व 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में शिविर**





राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये शासन निर्देशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन निगम सीमाक्षेत्र में किया गया है, आज शिविर के पहले दिन मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वार्डवासियों ने राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास के अलावा पेयजल, विद्युत, सफाई आदि के संबंध में आवेदन दिये। बारिश के कारण कुछ वार्डो के शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है।

आज मोतीपुर में आयोजित शिविर का जायजा लेकर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आज मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये आयोजित शिविर में पार्षदों की उपस्थिति में वार्डवासी प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड सहित पेयजल, सफाई, विद्युत तथा निर्माण संबंधी आवेदन दिये, जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कल 28 जुलाई को निगम सभागृह में वार्ड नं. 14,15 व 26 के लिये, 29 जुलाई को देवांगन समाज भवन चिखली में वार्ड नं. 5 व 6 के लिये तथा 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या के समाधान के लिये आवेदन लेगे। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कुछ वार्डो के शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है, जिससे नागरिकों को अपनी समस्या के आवेदन देने में सुविधा हो।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 31 जुलाई बुधवार को गौरी नगर स्कूल मैदान सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये शिविर, 1 अगस्त गुरूवार को आम्बेडकर मंगल भवन सिविल लाईन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये शिविर, 2 अगस्त शुक्रवार को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये शिविर, 3 अगस्त शनिवार को गोडवाना समाज भवन आर.के.नगर में वार्ड नं. 19,23,44 व 45 के लिये शिविर, 4 अगस्त रविवार को गांधी सभागृह में वार्ड नं. 24,25 व 38 के लिये शिविर, 5 अगस्त सोमवार को भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये शिविर, 6 अगस्त मंगलवार को सामुदायिक भवन जनता कालोनी में वार्ड नं. 29,30,31 व 36 के लिये शिविर, 7 अगस्त बुधवार को कर्माभवन बैगापारा लखोली में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये शिविर, 8 अगस्त गुरूवार को गुरूघासी दास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये शिविर, 9 अगस्त शुक्रवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये एवं 10 अगस्त शनिवार को पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन सिंगदई में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर का आयोजन किया गया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर में वार्डवासी नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनपत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे छोटे कार्य जिनका निराकरण हेतु आवेदन कर सकते है। साथ ही नल लीकेज, पानी कम आना, साफ सफाई, विद्युत के अलावा अन्य समस्याओं का निराकरण के लिये भी आवेदन दे सकते है। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा तथा आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड श्रमिक कार्ड के लिये भी आवेदन लिये जायेगे। शिविर में महापौर, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों, तथा जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान करावे।

आगामी 3 अगस्त शनिवार को गोडवाना समाज भवन आर.के.नगर में वार्ड नं. 19, 23, 44 व 45 के लिये शिविर, 4 अगस्त रविवार को गांधी सभागृह में वार्ड नं. 24, 25 व 38 के लिये शिविर, (3 अगस्त में वार्ड नं. 19 एवं 4 अगस्त मे वार्ड नं. 23 के स्थान पर 25 जोड़ा गया।

## खैरागढ़ के पूर्व राजकुमार लाल शंकर बहादुर सिंह (पापा जी) की आज द्वितीय पुण्यतिथि



राजनांदगांव (दावा)। अंचल के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट के आशीर्वादक, प्रेरणास्रोत आजीवन अनुशासन के पर्याय के रूप में रहे लाल शंकर बहादुर सिंह नगर के एवं अपने संस्थान के कर्मचारियों के बीच पापा जी के नाम से जाने, जाने वाले दिनांक 28 जुलाई 2024 उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर हम उन्हे शत-शत नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते है। प्रातःकाल परिवारजनों श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह, श्रीमती सविता जेबी सिंह, श्रीमती मनीषा संजय बहादुर, श्रीमती पूजा सावंत बहादुर सिंह, श्रीमती स्वयंवरा सिद्धांत सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रीमती इला श्रेयांश बहादुर सिंह, सुश्री स्वर्णा सिंह, श्रीमती प्रीति सिंह, श्रीमती भारती सिंह, श्रीमती आरती सिंह, श्रीमती जागृति सिंह के द्वारा पापा जी के स्मृति में प्रार्थना सभा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। रॉयल किड्स परिवार पापा जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करता है।

## शिवनाथ का जलस्तर हुआ कम... लेकिन बड़े पुल में उभर आए गहरे गड्ढों से जान का खतरा... पीडब्ल्यूडी विभाग बेसुध

**○ सावन में पड़ रही रिमझिम फुहारे... मोंगरा बांध से फिर छोड़ा गया एक हजार क्यूसेक पानी**
**○ अब तक जिले में 567.6 मिली मीटर बारिश दर्ज- किसानों के चेहरे खिले**



राजनांदगांव(दावा)। श्रावण मास लगते ही रिमझिम फुहारों का दौर चल पड़ा है। लम्बे समय बाद में सही पर रोजाना लगातार बारिश का माहौल बना हुआ है। शहर सहित पूरे जिले भर में लगातार हो रही बारिश से एक प्रकार से सबकी गर्मी उतर गई है वही लोगों को थोड़ी-बहुत ठंड का भी एहसास होने लगा है। हालांकि अभी पूरी तरह गर्मी गई नहीं लेकिन दो-तीन दिन से लगातार लगी सावन की झंडी से ऐसा कुछ महसूस होने लगा है। जिले में अच्छी बारिश होने से जहां किसानों के चेहरे खिल गए है वही शहर वासियों को सावन की रिमझिम फूहारे अच्छा लगने लगा है। सम्बंधित विभाग की मान तो अभी तक जिले में 567.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। इससे नदी-नाले पूर जा रहे है।

### शिवनाथ का जलस्तर हुआ कम

बता दे कि पिछले सप्ताह भर से लगातार हो रही वर्षा से शिवनाथ नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था। आलम यह रहा कि शिवनाथ नदी का छोटा पुल पूरी तरह डूब गया था।

इससे आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई थी। स्थानीय प्रशासन द्वारा आक्सीजोन जाने वाले रास्ते के समीप बेरिकेट लगा दिया गया था। ताकि लोग छोटे पुल को पानी भरे हालात में पार न कर सके। अब शिवनाथ का जल स्तर कम होते ही छोटे पुल को फिर से आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। जहां से आवाजाही सुचारू रूप से हो रही है।

### जान लेवा गड्ढे

शिवनाथ नदी में जल स्तर तो कम हुआ है लेकिन इसके बड़े पुल से आवाजाही का खतरा बढ़ गया है। बड़े पुल में दर्जनों की संख्या में उभर आए बड़े-बड़े गड्ढो से वाहन चालकों के लिए परेशानी उपस्थित हो गई है। वाहन चालकों को इससे दचके खाते हुए गुजरना पड़ता है जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी तड़क जा रही है और गर्दन व कमर में दर्द हो जा रहा है। शिवनाथ नदी के इस पुल में एक और डूबान में आए पुराने हिस्से में दरार आ गई है बड़े पुल में उभर आए खतरनाक गड्ढो में से लोहो के नुकीले सरिए झांकने से लोग को जान का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।

इतना कुछ होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग बसुध बना हुआ है। बारिश में कम से कम लोहे के नुकीले सरिये झांक रहे गड्ढों को मटेरियल से भरा जा सकता है लेकिन विभाग से उतना कुछ भी नहीं हो पा रहा। शायद पीडब्यूडी विभाग उक्त पुल में किसी गभीर दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है।

### मोंगरा बाध से छोड़ा से छोड़ा गया पानी

बताते चले कि इन दिनों हो रही रिमझिम बारिश से जिले के नदी-नालों का जल स्तर काफी बढ़ गया है। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा बांध में आवश्यकता से अधिक पानी भर जाने से शिवनाथ नदी के लिए फिर से एक बार और एक हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे शिवनाथ नदी के अनुसांगिक नदिया व नहर आदि फिर से बारा जाने की नौबत आ जाएगी।

## दूसरी कावड़ यात्रा राष्ट्र के प्रहरी भारतीय सेना को समर्पित



**पूर्व सैनिक, प्रशिक्षु छात्र शिवभक्ति, राष्ट्रभक्ति के जज्बे से होगें शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी जो कि पवित्र सावन माह में संपूर्ण नगर शिवभक्ति के भाव से सराबोर है। प्रति रविवार शिव प्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा प्रातः 6बजे बजे, प्रति सावन सोमवार श्री बागेश्वर धाम मंदिर तक कावड़ यात्रा, जीवनदायनी शिवनाथ नदी से निकाली जा रही है। इसी तारतम्य में सावन मास के दूसरे सोमवार को शिवभक्ति राष्ट्रभक्ति की तर्ज पर कावड़ यात्रा निकाली जावेगी। उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक), विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, डॉ. मिथिलेश शर्मा, सूरज गुप्ता सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि दूसरी कावड़ यात्रा, राष्ट्र की रक्षा हेतु हमेशा तत्पर सरहद पर भारत माता की रक्षा के लिए जो सदैव खड़े हुए है, देश के उन प्रहरियों, सजगता से राष्ट्र की रक्षा करनेवाले वीर सैनिकों ,समस्त भारतीय सेना को समर्पित होगी। इस कावड़ यात्रा में शिवभक्ति व राष्ट्रभक्ति के जज्बे से, पूर्व सैनिकगण व प्रशिक्षु छात्रगण, नागरिकगण शामिल होकर राष्ट्र की एकता, अखण्डता, सुरक्षा व सैनिको के कल्याण के लिए भगवान शिव महादेव को जल अर्पित करेंगे।

इसी प्रकार रविवार को प्रातः 6 बजे काली माई मंदिर से दूसरी शिव प्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा निकाली जावेगी, जो कि शहर के प्रमुख मांर्गो व मंदिरों से,प्रभात फेरी में शामिल भक्तगणों द्वारा भजन कीर्तन करते हुए सुबह के पवित्र भक्ति भाव मय वातावरण में निकलेगी। उक्त विशेष दूसरी शिवभक्ति व देशभक्ति से ओतप्रोत भारतीय सेना को समर्पित कावड़ यात्रा में सोमवार को प्रातः 5:30 बजे श्री बागेश्वर धाम मंदिर में पहुंचकर व शिवप्रभात फेरी में रविवार प्रातः ठीक 6:00 बजे काली माई मंदिर भरकापारा में पहुंचकर श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व शिव भक्तगणों ने, सभी नगरवासियों से उपस्थित होकर धर्मलाभ पुण्यलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता, विकास गुप्ता द्वारा दी गई।

## एनबीआईएस, बोरी में अलंकरण समारोह का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में नये शिक्षा सत्र 2024-25 के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शाला के हेड बॉय, हेड गर्ल के साथ ही शाला में होने वाली गतिविधियों को संचालित करने के लिए अनेक विभागों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी। सत्र 2024-25 के हेड बाय एवं हेड गर्ल के लिए शाला में चुनाव कराया गया। चुनाव परिणाम आने पर बच्चों में उत्साह देखने को मिला । समारोह के आयोजन की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। हेड बाय एवं हेड गर्ल सीनियर विंग के कक्षा बारहवीं के छात्र प्रनीत सिंग बग्गा और छात्रा प्रेक्षा लोहिया तथा जूनियर विंग के कक्षा पांचवी के छात्र प्रखर श्रीवास और छात्रा प्रीशा जैन मनोनित किये गये। शाला में चार हाऊस है जिसमें भगत हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका स्वप्निल तिवारी और कैप्टन वेद राठी, दिपाली देवांगन एवं वाइस कैप्टन आयुष अरमान बेहरा, रशिका देवांगन बने। वही सुखदेव हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका अकांक्षा कोसरिया और कैप्टन रौनक लोहिया, रोशनी सिंह बघेल एवं वाइस कैप्टन प्रथम तिवारी, रिज़ा बिलाल खान बने। आजाद हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका रागिनी देवांगन और कैप्टन अभय मोहबे, अविका चौबे एवं वाइस कैप्टन हेमाक्ष परमार, आराध्य चेलक बने। राजगुरु हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका श्रीया राव और कैप्टन सिद्ध द्विवेदी, स्वर सांखला एवं वाइस कैप्टन आरुष गुप्ता, रिशिका वैष्णव बने। वही सांस्कृतिक विभाग की इंचार्ज शिक्षिका हेतल पित्रौड़ा एवं कैप्टन यश धुर्वा व प्रतीक्षा साहू बनी। शाला में खेल विभाग के शिक्षक डाक्टर विकास वैष्णव को अनुशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं अनुशासन हेतु कैप्टन वैभव चितलांग्या और विना पंजवानी को बनाया गया। खेल गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए शाला के खेल शिक्षकों के साथ कक्षा बारहवीं के छात्र मोहम्मद अर्श तथा दिक्षा साहू को खेल कप्तान नियुक्त किया गया।

शाला में होने वाले गतिविधियों के लिए अनेक क्लब भी बनाए गए है जिनके इंचार्ज है, शिक्षिका वंदिता यादव (हैरिटेज क्लब), शिक्षिका रोशनी चौहान (हैल्थ एंड वैलनेस क्लब), शिक्षिका चांदनी साहू (रिडिंग क्लब), शिक्षिका जसमीत कौर (इको क्लब), शिक्षिका सोनाली साहू (क्रिएटिव क्लब), शिक्षिका नम्रता परचानी, रीना सिन्हा और बुसरा सिंग को सीसीए इंचार्ज तथा हेड शिक्षिका सुष्मिता मंडल की नियुक्ति की गयी। शाला में होने वाले प्रतिदिन सभा की व्यवस्था के लिए शिक्षिका प्रस्तुति चौबे व सुभांशी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। संस्था के संचालक इंजीनियर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैच पहनाया गया तथा शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन और कडी मेहनत से ही जीवन में सफलता पायी जा सकती है तथा हम एक उन्नत राष्ट्र की ओर बढ सकते है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना मतलब जीवन में आ रही चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिलना है। शाला में मिडिया प्रभारी के रुप शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गयी । समारोह के आयोजन का सफल मंच संचालन शिक्षिका निधी शुक्ला द्वारा किया गया। शाला के एडमिनिस्ट्रेटर नितिन चौहान तथा शिक्षकों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अलंकरण समारोह के इस गरिमामयी आयोजन में शाला परिवार सहित पदाधिकारी बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

## स्कूल में शिक्षा के अलावा मिलता है संस्कार - कलेक्टर




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष होने के अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पारागांवखुर्द में आयोजित शिक्षा सप्ताह के छठें दिन मिशन लाइफ एवं इको क्लब दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्कूल परिसर में पौधरोपण और स्कूल परिसर का अवलोकन भी किया। उन्होंने भौतिक, जीव विज्ञान, रसायन प्रयोगशाला, स्मॉर्ट क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने स्कूल परिसर में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था की तारीफ की।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि स्कूल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जितना समय घर पर रहते है, उतना ही समय हम स्कूल रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल हमारा दूसरा घर है। जिस तरह से घर में अच्छा कार्य करते हैं, उसी तरह से स्कूल को भी घर मानकर बच्चे एवं शिक्षकों को हमेशा स्वच्छ और ग्रीन रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल को जितना व्यवस्थित एवं हराभरा कर सकते हो उतना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में केवल अध्ययन एवं अध्यापन कार्य नहीं होता है, स्कूल से हमें संस्कार मिलता है। स्कूल से बच्चे संस्कार और ज्ञान की बातें सिखते हैं। बच्चे शिक्षकों, दोस्तों एवं अच्छे कार्य करने वाले व्यक्तियों से सिखते हैं। सिखने की कोई आयु नहीं होती है। जो बाते स्कूल में सिखी जाती है, वे पूरे जीवन में काम आती है। उन्होंने कहा कि स्कूल विद्यार्थी और शिक्षक से नहीं बनता है। स्कूल गांव के लोगों से मिलकर बनता है। उन्होंने कहा कि गांव के नागरिकों एवं बच्चों के अभिभावकों का स्कूल से लगाव होना चाहिए। गांव के लोगों का स्कूल में भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में डिजिटल पढ़ाई कराने के लिए जनभागीदारी के सहयोग से सभी स्कूलों में संपर्क डिवाईस दिया गया है। जिससे बच्चों की पढ़ाई का स्तर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और शाला विकास समितियों के सहयोग से स्कूल की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह के छठा दिन मिशन लाइफ एवं इको क्लब दिवस है। यह बहुत अच्छा विषय है। उन्होंने बच्चों से कहा कि स्कूल से पासआउट होने के बाद भी इस विषय का जीवन में वास्ता रहेगा। ग्रीन और इको हमारे साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर बहुत सुंदर जगह पर है। इसका महत्व समझने कहा। उन्होंने कहा कि बिना ऑक्सीजन और बिना पानी के दुनिया की कल्पना करना कठिन है। उन्होंने जल संरक्षण की बात कही। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। उसे बचाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि घर में अपने अभिभावकों को रबी में धान की फसल नहीं लेना कहा है। जिले में गर्मी के मौसम में 42 हजार ट्यूबवेल के उपयोग के कारण इस वर्ष 60 फीट पानी नीचे चला गया है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी तक पानी नहीं मिल पाएगा। इसके लिए पेड़ों को नहीं काटने देना है और पौधरोपण अधिक से अधिक करना है।

कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि संघर्ष करके पढ़ाई करने से जीवन में आने वाली चुनौतियों से आसानी से सामना कर सकते हैं। मन में कभी भी निराशा नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हमारे आस-पास अच्छा वातावरण है, उसे और अच्छा करने की कौशिश करें। उन्होंने कहा कि हम बचपन से ही समाज से कुछ न कुछ ले रहे है। उन्होंने कहा कि जिस भी आयु में हमें समाज को देने की क्षमता है, उसे दान करना चाहिए। अभी बच्चे वृक्षारोपण कर सकते हैं और पानी डालना एवं सेवा कर सकते हैं। ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे लोगों के चेहरे में खुशी झलकनी चाहिए। इससे यह झलकता है कि समाज में हम रचनात्मक तरीके से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में श्रम करने की आदत सिखाई जानी चाहिए। श्रम न केवल स्वावलंबी बनाती है, बल्कि आने वाली पीढियों को भी एक बेहतर दिशा दिखाएगी।

इस अवसर पर जनपद सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा, सरपंच बुद्धसेन ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा श्री पीआर झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक श्री मो. रफीक अंसारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कौर गरचा, प्राचार्य श्री लेखराम साहू, संकुल शैक्षिक समन्वयक गिरधारी लाल वर्मा, समाज सेवी एवं उन्नत कृषक एनेश्वर वर्मा, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष श्री बिसहत वर्मा सहित शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

## 'उल्लास' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम समीक्षा बैठक संपन्न

**प्रधान पाठक, पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से असाक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों का किया जाएगा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सेवी शिक्षकों के पंजीयन, असाक्षरों का पंजीयन सर्वे एवं पोर्टल में एंट्री के कार्य में गति लाते हुए माह के अंत तक सर्वे एवं डाटा एंट्री का कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही उल्लास कार्यकम के लिए माहौल तैयार करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने कहा। सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान पाठक के साथ समन्वय करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में सहयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षार्थी व स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन एवं डाटा एंट्री तथा सितंबर 2024 व मार्च 2025 में आयोजित होने वाले मूल्यांकन आकलन परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलाई।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विद्यालयों में संपर्क कर कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक अध्यनरत विद्यार्थियों को स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को 10 अंक बोनस दिया जाएगा। उन्होंने इसका प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करने प्रोत्साहित करने और संबंधित प्रचार्य व ग्राम प्रभारी को सहयोग प्रदान करने कहा। बैठक में बताया गया कि राष्ठीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश एवं संयुक्त राष्ट के सतत विकास लक्ष्य के अनुसार 2030 तक सभी युवा प्रौढ़ पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान करना है। राष्ठीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुशंसा एवं भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, एपीसी समग्र शिक्षा आदर्श वासनिक, एपीसी समग्र शिक्षा प्रणिता शर्मा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सभी स्त्रोत समन्वयक, साक्षरता कार्यक्रम प्रभारी, बीपीएम आजीविका मिशन, संकुल समन्वयक, विकासखंड राजनांदगांव के स्कूलों के प्रधान पाठक उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जुड़े रहे।

## अनमोल दावा

> दुनिया में सबसे कीमती गहना हमारा परिश्रम है और जिंदगी में सबसे अच्छा साथी हमारा आत्मविश्वास है... ।

# खनिज पर हक किसका केंद्र या राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुआ बड़ी समस्या का निपटारा

राज्य सरकारों में अक्सर इस बात को लेकर असंतोष देखा जाता है कि केंद्र को जिस अनुपात में उनसे राजस्व प्राप्त होता है, उस अनुपात में उन्हें बजटीय आबंटन नहीं मिलता। जबसे जीएसटी लागू हुआ है, राज्यों में अपने हिस्से का राजस्व प्राप्त करने के लिए संघर्ष उभरता रहा है।

केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कई बार विवाद उठ चुके हैं। केंद्रीय कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद भी कुछ चीजों पर करों और उपकरों के बंटवारे को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खनिजों के स्वामित्व का प्रश्न भी उनमें एक है। केंद्र सरकार ने खनिजों पर कर और उपकर लगाना शुरू किया, तो कुछ कंपनियों और राज्य सरकारों ने इस पर सवाल उठाए। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है खनिजों पर राज्य सरकारों का हक होता है। वे उनका पट्टा देने को स्वतंत्र हैं। इसके लिए किए गए करार की एवज में वे जो शुल्क प्राप्त करती हैं, उसे कर नहीं कहा जा सकता। वह रायल्टी की श्रेणी में आता है।

रायल्टी को कर नहीं कहा जा सकता। इस फैसले से खासकर ओड़ीशा और झारखंड को बड़ी राहत मिली है। हालांकि करीब पैंतीस वर्ष पहले भी एक सीमेंट कंपनी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह मामला उठाया था कि केंद्र सरकार उससे उपकर नहीं वसूल सकती। तब अदालत ने कहा था कि खनिजों पर कर लगाने का अधिकार केंद्र सरकार को है। मगर दूसरे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने करीब बीस वर्ष पहले उस फैसले को पलटते हुए कहा कि पुराना फैसला छापे की गलती से भ्रामक हो गया था। केंद्र को खनिजों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है।

अब नौ न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर बहुमत से फैसला दिया है कि खनिजों पर राज्य सरकारों का अधिकार है। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में केंद्र को खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। मगर जमीन, भवन आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए केंद्र सरकार खनिजों पर कर लगाने लगी थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि खनिज राज्य सरकार की संपदा हैं, इसलिए वह उसके पट्टे की कीमत तय कर सकती है। अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार कर वसूलने लगेगी, तो राज्यों को अपनी विकास परियोजनाओं के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा। इस फैसले के बाद राज्य सरकारें केंद्र द्वारा वसूला गया कर वापस दिलाने की गुहार लगा रही हैं। हालांकि इसका निपटारा किस प्रकार होगा, देखने की बात है।

राज्य सरकारों में अक्सर इस बात को लेकर असंतोष देखा जाता है कि केंद्र को जिस अनुपात में उनसे राजस्व प्राप्त होता है, उस अनुपात में उन्हें बजटीय आबंटन नहीं मिलता। जबसे जीएसटी लागू हुआ है, राज्यों में अपने हिस्से का राजस्व प्राप्त करने के लिए संघर्ष उभरता रहा है। इस तरह कई राज्यों में विकास परियोजनाएं ठहर जाती हैं।

जाहिर है, सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद उन राज्यों को अपना राजस्व जुटाने में काफी मदद मिलेगी, जहां खनिज पदार्थों की बहुलता है। ओड़ीशा, मध्यप्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क, पेट्रोलियम आदि पदार्थों की खदानें हैं, मगर वे उनका पूरा लाभ नहीं ले पातीं, क्योंकि उन पर अभी तक केंद्र सरकार भी अपना हक जताती आ रही थी। यह ठीक है कि राज्यों से प्राप्त राजस्व से ही केंद्र सरकार पूरे देश की विकास परियोजनाओं में संतुलन कायम करती है, मगर उनकी आय के निजी स्रोत नहीं होंगे, तो वे केंद्र के सामने हर वक्त याचक की मुद्रा में ही होंगी। इसलिए खनिज संपन्न राज्यों में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। मगर केंद्र को खनिजों के मनमाने दोहन पर नजर तो रखनी ही होगी।

# "दीपक" कभू नइ बुझाय

**हेमलाल सहारे**



सियान मन केहे हे ये चोला ह माटी के आय। कतिक जान कोन, कइसन हवा, धुंका, बड़ोरा आही अउ माटी के काया ला भींजो के माटी मा मिला दिही, कोनो नइ जान सके। काली रतिहा जेवन के बाद चार्जिंग ले निकाल के मोबाइल ल देखेंव। उँहा पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के सँगवारी दुर्गेश सिन्हा ''दुलरवा'' के एक मैसेज ह दिमाक ला सन्न कर दिस। पढेंव फेर मन माने बर तैयार नइ होइस। अइसे लगिस बिजली के टू पिन ला लगात धोखा ले अंगरी ला लगा परेंव। अउ मोर मन अभी भरे बारिश ला छोड़के एक साल पीछू चिलचिलात गरमी के दिन में चल दिस।

20 मई 2023 मंगलवार के बिहनिया दसक बजे दुर्ग शहर ला देखत-देखत अउ बताये रद्दा मा पूछत-पूछत आखिर घर के पता ला पा डारेंन। दुआर बने चक-चकले साफ-सुथरा अउ आंट मन बने लिपाय रहय। तीरेच के एक ठन रुख के छैहाँ मा गाड़ी खड़े करके महूँ खड़े होगेंव। अब घर में जाये के हिम्मत नइ होय। गरमी मा कोनों सँगवारी नइ मिलिस त मेंहा अपन श्रीमती जी ला घलो लेगे रेहेंव। दूनो के हिम्मत नइ होय अंदर जाए बर। एक कनी के बाद एक झन मोठ डांठ बंगाली पहिरे बाहिर आइस अउ हमन ला भीतरी मा लेगिस।

चारों मुड़ा ले घर अउ बीच में बैठक व्यवस्था बने रहय। पोहा चाय पानी के सँग सगा असन मान गौन पाके मन मा थोकिन हिम्मत आइस। अब लगत रिहिस जे काम बर आये हों, ओला पूरा कर डारहूँ। चाय पियत खोली भर लगे पोस्टर, फोटो, मोमेंटो मन ल देखत मने मन खुश होत रहँव। उदुप ले आघू डहन ले एक झन पतला-दुबला शरीर ला एक झन सहारा देवत इही तीर लाइस, अउ सोफा मा बैठारिस। में देख के अंदाज लगा डारेंव कि इहिच हा हमर छत्तीसगढ़ के हरफनमौला कलाकार शिवकुमार ''दीपक'' जी हरे। पांव-पैलगी करे के बाद बताएंव कि मोला गुरुदेव अरुणकुमार निगम जी हा भेजे हे। निगम सरजी के नाम सुनिस तहन मुस्कुराइस।

जनकवि कोदूराम ''दलित'' जी के साहित्य में पीएचडी करे के शुरुआत ले निगम सरजी के सँग गोठबात, पूछ-परख लेवत प्राथमिक डाटा संकलन अउ साक्षात्कार, भेंट मुलाकात, पुस्तक खोजई के दौर चलत हे। एक दिन बाते-बात मा शिवकुमार ''दीपक'' के बात खुलगे तब निगम सरजी हा बताथे कि ''दलित'' जी हा ''दीपक'' जी के प्राथमिक शिक्षक आय। अउ उँकर प्राथमिक शिक्षा बैथसर्ट प्राथमिक शाला गंजपारा दुर्ग मा होय हे। मोर बर सोने मा सुहागा होगे। ''दलित'' जी के बारे में कतको अकन बात पुछहूँ कहिके। ''दीपक'' जी के बेटी अउ छन्द के साधिका शशि साहू दीदी ले गोठबात होइस। दीदी मोर बात ले खुश होइस अउ तुरते अपन भाई शैलेश साव जी के नम्बर दिस। मेंहा उंखर संग बात करके आय के दिन ला बता दे रेहेंव।



शैलेश भैया हमरे तीर बइठे रिहिस। अउ कुछु लगही का भैया, चाय लांव का भैया अइसे कहय। में आश्चर्य भाव ले देखेंव। शैलेश जी हा मोर मन ला तमड़ डारिस। कथे हमन पिताजी ला भैया कथन सहारे जी! मेंहा आश्चर्य मिश्रित भाव बनाके हाँसेंव, ठीक हे भैया कहत। घर के मन सबो बात ला बता डारे रिहिन होही, मोला ज्यादा नइ तिखारिस। फेर कोन गाँव ले आये हस, कहाँ रथस, का करथस जइसन सवाल पूछ्बे करिस। मेंहा अपन मुख्य बात ला रखे बर देखत राहंव। मौका मिलिस अउ अपन पहिली ले बनाये प्रश्नावली ला शुरू करेंव। 'दीपक' जी ला बताएंव कि मेंहा आपके गुरु जनकवि कोदूराम 'दलित' जी के साहित्य में पीएचडी करत हों, अउ आपसे कुछ जाने, पूछे बर आये हों। दलित जी के नाव ला सुनिस तहन मोर तीर बनेच देखिस अउ किहिस- हाँ... जानथों मेंहा! वोला, मोला पढ़ाए हे। गंजपारा मा रहय अउ पढ़ाए। फेर किहिस- 'दलित' बढ़िया गुरुजी रिहिस। हमन ला पढ़ात-पढ़ात अब्बड़ हँसवाय। अउ स्कूल मा अब्बड़ नाचा-गम्मत, राउत नाचा नाचे बर सीखोय। ओहा लिख-लिख के देय अउ याद करके बोले बर कहय। हमन नाटक मन में घलो निकलन। 'दीपक' जी बताइस कि 'दलित' जी के काव्य-संग्रह दू मितान के सुप्रसिद्ध कविता 'पियईया मन खातिर' के प्रमुख पात्र झंगलू अउ फगवा मा मेंहा झंगलू बने रेहेंव। अउ कविता के दू-चार लाइन गाके घलो सुनाइस।

''तँय कोन? अरे! झंगलू अस का?  
जय हिंद, कहाँ ले आत हवस?  
छाता के ओधा-ओधा मा,  
तीरे-तिर कइसे जात हवस?''

90 साल के उम्र होय के सेती सुने के क्षमता थोरिक कम हो गे रिहिस। फेर हौसला कम नइ दिखत रहय। उम्र के हिसाब ले बहुत मजबूत रिहिन। जोर से बोले मा सुने, तब जवाब देय। लगातार 2-3 घंटा बैठे के बाद धन्यवाद देवत घर जाये के बात बताएंव। तहन घर के मन ला अब्बड़ चिल्लाके बलाइस। अउ आये मा थोड़ा देरी होगे, तहन भड़क गे। तुमन सुनथो कि नइ नइ सुनो। फेर दउड़त एक झन भैया आइस, ओला कथे- मोर किताब ला लान के दे। ओ भैया लकर-धकर लाय बर चल दिस। ओकर आत ले अपन जम्मो पुरुस्कार, सील्ड, प्रमाण-पत्र मन ला लाइन से देखाइस। अउ मेंहा ओ दुर्लभतम जिनिस मन के फोटो खींचे मा मगन होगेंव। पीछू ओ भैया एक ठन किताब धरके आइस। फेर मोर खुशी के ठिकाना नइ रेहे गे। प्रो. शिवानंद कामड़े कृत 'हरफन मौला शिवकुमार दीपक' ला ओकर हाथ मा दे दिस। फेर मोला कथे- येला पढ़बे, तोर बर देत हों। 90 साल मा पेन धरके लिख डारिस- 'हेमलाल सहारे को भेंट करते हुए।' अउ अपन नाम लिख के अंग्रेजी मा दस्तखत घलो मारिस।

छत्तीसगढ़ सिनेमा के प्रारंभिक अवस्था ले अपन उम्र के सकत ले 'दीपक' जी कतको सांस्कतिक संस्था, टेलीफिल्म, हिंदी अउ छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के बेजोड़ हास्य व सम्पूर्ण कलाकार के रूप में काम करिस। कहि देबे संदेश, घर-द्वार, मोर छइहाँ भुइयाँ, मया दे दे-मया ले के, परदेशी के मया, तोर मया के मारे, कारी, टूरी नम्बर 1, लेड़गा नम्बर 1, मयारू भौजी, तीजा के लुगरा, बाँटा, सलाम छत्तीसगढ़ जइसे छत्तीसगढ़ी फिल्म के सँग हिंदी, मालवी, अफगानी, भोजपुरी फिल्म मा घलो बेहतर काम करिस। उन कलाकारी के हर रूप ला शिद्दत ले जीइस अउ छत्तीसग? के सेवा मा अपन जीवन खफा के चिरकाल तक ले अमर होगे।

''दीपक'' जी जइसे विश्व स्तर के उम्दा कलाकार के सँग बइठ के मोला अब्बड़ नीक लगिस। मोर असन छोटे मनखे घलो उंखर तीर मा बइठ के छोटे नइ होइस, बल्कि बड़े असन जनाइस। जतके बड़े कलाकार रथे ओतके ओमन जमीन ले जुड़े रथे। येला मोला उंखर संग भेंट-मुलाकात मा जाने बर मिलिस। उंखर अउ उंखर जम्मो घर भर के सादगी अब्बड़ पसंद आइस। शैलेश भैया सँग मैसेज में गोठबात होत रथे। अउ अपन कार्यक्रम छुरिया तरफ लगथे तो मोला फोन करके देखे बर जरूर बुलाथे।

हमर शासन के तरफ के कतको झन कलाकार ला बड़े-बड़े पुरुस्कार मिलिस। शायद उंखर मूल्यांकन बने नइ होइस या स्वाभिमानी होय के सेती मांग नइ करिस। ये कहे नइ जा सके। फेर लगथे हरफनमौला शिवकुमार ''दीपक'' जी सबो पुरुस्कार ले बड़े होगे हे। ओकर लाइक कोनो पुरुस्कार नइ हे।

अब तो उँकर देवलोक गमन होय के बाद उँकर नाव ले कला के क्षेत्र में पुरुस्कार देय के घोषणा होना चाही। तब उँकर कोनो कद के बराबरी कर सकत हे।

**मोहगाँव(छुरिया), राजनांदगांव**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 216 : श्री राम अपने पिता से भेंट के लिए माता कैकेई के भवन की ओर दौड़ पड़े

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम शीघ्रता में थे और उन्होंने अपने पिता से भेंट के लिए माता कैकेई के विशेष कक्ष की ओर प्रस्थान किया। श्री राम कक्ष के द्वार तक पहुंचे और सुमंत जी के साथ सीधे ही प्रस्थान कर गए। सीता जी श्री राम के प्रस्थान से अवगत नहीं हो पाईं। मार्ग में सुमंत जी ने श्री राम से कहा, ''मैं गुरु वशिष्ठ से भेंट करता हूं। तब तक आप महाराज के पास जाकर उनसे चर्चा कीजिए।''

''सब कुशल तो है सुमंत जी?'' व्यग्र श्री राम ने मंत्री सुमंत से कहा।

''जी राजकुमार,बस आपके पिता महाराज ने आपका स्मरण किया है।'' सुमंत जी राजमहल के मुख्य आगंतुक कक्ष की ओर बढ़ गए। श्री राम के भवन और महाराज दशरथ तथा रानियों के भवन के मध्य में एक बड़ा खुले स्थान वाला आंगन है। इसके पूर्व दिशा की ओर कुछ ही सीढ़ीयां जाने पर राजभवन के प्रथम तल के समानांतर एक विशाल चौबारा बना हुआ है, जहां से महाराज दशरथ और राज परिवार के सदस्य राजप्रासाद के सामने किसी विशेष अवसर पर एकत्र विशाल जन समुदाय का अभिवादन स्वीकार करते हैं और उन्हें संबोधित किया करते हैं।

श्री राम पिता से भेंट के लिए जाते-जाते जब इस विशाल प्रांगण से होकर गुजरे तो उन्हें उस विशाल मंच की ओर से गगनभेदी जयध्वनि सुनाई दी।

कौशल प्रदेश की जय हो!  
महाराज दशरथ की जय हो!  
राजकुमार राम की जय हो!  
अयोध्या के समस्त कुमारों की जय हो!

यह जयध्वनि सुनकर राजकुमार राम एक क्षण के लिए रुक गए।चौबारे के एक कोने पर खड़े एक सैनिक ने श्री राम को देखकर उनकी ओर तेजी से आना शुरू किया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -131

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 130 का हल

## सू- दोकू क्र.131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### अमरीका के राष्ट्रपति, कमलाच हा बनही !

अखबार पढ़कर मुग्ध होकर  
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!  
आज ये मनोहारी खबर -  
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति  
बराक ओबमा और उनकी पत्नी मिशेल ने  
भारतवंशी कमला हैरिस को,  
राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए  
अपना समर्थन दिया है।  
इस खबर ने मुझे तो  
अत्यन्त प्रफुल्लित किया है।  
आपका क्या बोलता है मन?''  
गजाधर मुस्काराए, बोले -बानी!  
हमारा भी, हमारे देश की कमला के लिए,  
हंड्रेड परसेन्ट है समर्थन।''  
तभी मंगलू मजदूर बोल उठे -  
''मोर मन ह तो बोलत हे आज  
के मैं वाशिंगटन जाके  
कमला बाई ल अपन वोट देंव महराज।  
पर का करों घर-गृहस्थी के झंझट  
अउ ऊपर से बादर-पानी।  
फेर सबसे ज्यादा महंगाई के परेशानी।  
तरकारी-भाजी सब तो, ये दारी, ओ दूर,  
नारियल पेड़ म चढ़ गे हे।  
ओखर शान ह, बहुतेच बढ़गे हे।  
ते पायके दरबारी के दाई ह  
भाजी बनाये बर  
मोला केहे हे मुनगा पत्ती तोड़के लाय बर  
अब मोर बात ल, धीर लगा  
के सुनो बानी भाई!  
कमला बाईच ह राष्ट्रपति बन ही,  
तो उन ला, मोरो तरफ से, भेज देहू  
पहिली से बधाई।''



**गिरीश बख्शी**

## हिन्दी काव्यांजलि


### 'हमें काबिल बना दिया'

1- भीगी-भीगी हुई पलकों के गलियारों से,  
मासूमियत भरे आपके सवाल ने,  
'दिल' की गहराई में उतरकर  
मन में उठे 'तुफान' की लहरों ने,  
'साहिल' बना दिया।  
2 - तरन्नुम भरी आपकी निगाहों ने,  
जीवन की सांझ तले,  
हम तन्हाइयों को भूलाकर...  
प्रीत की रीत समझाकर,  
हमें खलील बना दिया।  
3 - खुदा भी आसमान से झांकता है,  
इंसान भी परिन्दा बनकर,  
कैद की जकड़न झेलता है...  
कोई आह आत्मा स्पर्श कर,  
जाती इसी डर की गुत्थी ने,  
हमें 'स्नेह-दिल' बना दिया।  
4 - हमारे आँखों में पलता ख्वाब,  
मन के तारों को जोड़कर,  
हमारे सपनों को ''परवान'' देता है  
आपकी आशाओं की उम्मीदों ने,  
''स्वप्रिल'' हमें बना दिया।  
5 - अंधेरों है, पर ये सच है,  
दुआओं में मिलती है..  
हजारों जुगनुओं की 'रोशनी'  
जीवन क्षण भंगुर है..  
और जिन्दगी की इसी उधेड़बुन ने,  
'हमें काबिल बना दिया'।



**कवि बलराम सिन्हा ''रब''**  
आदर्श ग्राम-सुरगी  
जिला-राजनांदगांव  
(छ.ग.)  
मो.7777881326

## राशिफल



**मेष**

आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होगा। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप कोई नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा।




**वृषभ**

आज इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते हैं, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फ़ोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी।



**मिथुन**

आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जाएंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका कोई नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मान बनाएंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे।




**कन्या**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी।




**तुला**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको कोई नई सलाह मिलेगी।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज कोई नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।



**धनु**

आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे।




**मकर**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुनना चाहिए।



**कुंभ**

आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लम्बे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी।



**मीन**

आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से कहा-सुनी हो सकती है।

# रेलवे अर्बन बैंक के चुनाव में मजदूर कांग्रेस का दबदबा कायम




डोंगरगढ़(दावा)। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे नागपुर मंडल के अर्बन बैंक चुनाव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के अंतर्गत चुनाव में मजदूर कांग्रेस के शाखा सचिव अनिल पोद्दार की साख लगी हुई थी। जिसमें अनिल पोद्दार ने भारी मतों से विजय प्राप्त किया। कुल मत 221 मेम्बर ने अपने मत का उपयोग किया।

जिसमें अनिल पोद्दार को कुल 114 मत श्रमिक यूनियन एवं ट्रैकमैन संगठन के संयुक्त उम्मीदवार एस वेंकट स्वामी को 91 कोलेश कुमार को 11 मत मिले इसी प्रकार रनिंग विभाग से मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवार अमित डे को 134, श्रमिक यूनियन के दिलीप कुमार बी को 76 रनिंग संगठन सचिन को 27 एस सी एस टी से हरिशंकर को 17 वोट प्राप्त हुए राजनांदगांव से मजदूर कांग्रेस के उम्मीदवार सपन नायक को 126 श्रमिक यूनियन एवं ट्रैकमैन संगठन के देव सिंह प्रीतम को 69 वोट मिले मत मिले इस प्रकार मजदूर कांग्रेस ने भारी मतों से विजय प्राप्त किया।

**11 वर्षों से निरंतर जीत दर्ज करते आ रहा है संगठन**

### 11 वर्षों से निरंतर जीत दर्ज करते आ रहा है संगठन

इस पूरे चुनाव में सभी की नजर डोंगरगढ़ अभियंत्रिक विभाग पर थी क्योंकि इस चुनाव क्षेत्र से मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के शाखा सचिव अनिल पोद्दार उम्मीदवार थे। जिसमें अनिल पोद्दार ने अपनी जीत दर्ज करा कर अपनी एवं यूनियन के साख को बचाई मजदूर कांग्रेस पिछले 11 वर्षों से बिलासपुर में एकमात्र मान्यता प्राप्त यूनियन है उसके बाद भी किसी भी प्रकार का विरोध नहीं नहीं देखा गया मजदूर कांग्रेस की शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने सर्वप्रथम अपने जोन के महामंत्री श्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण का एवं मंडल संयोजक इंदल दमहे का धन्यवाद एवं बधाई दिया। जिनके मार्गदर्शन पर एक चुनाव लड़ा गया था। अर्बन बैंक शेयर होल्डरों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में इसी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरंत संपर्क करने हेतु कहा गया है। जीत के बाद एक विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें प्रमुख रूप से हीरामन सूर्य राव सरोज कुमार सुनील इंदुरकर दीपक राव बड़े मुकेश बागडे डेविड प्रकाश प्रमोद कुमार चंद्रशेखर चंद्रेश कुमार नंदकुमार गजभिए विजय यूके व्यास जी राम चूड़ामणि चंदेल योगेंद्र वेदप्रकाश कोमल नागेश्वर राव, अजय, छोटेलाल, वेदप्रकाश, भीखम सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# जंतर स्कूल में बाल संसद का गठन, भावना बनी प्रधानमंत्री



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला जंतर में शासन के निर्देशानुसार बाल संसद का गठन किया गया तथा साथ ही साथ बच्चों को उनके कार्यों व कर्तव्यों से परिचित कराते हुए उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास पर जोर दिया गया. बाल संसद गठन में प्रधानमंत्री कुमारी भावना साहू, उपप्रधानमंत्री यागेश पटेल, शिक्षा मंत्री रितेश साहू स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री कुमारी चिंकी धनकर, जल एवं कृषि मंत्री कुमारी कुसुम साहू, संस्कृति एवं खेल मंत्री कुमारी धारणी साहू, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री रुद्र कुमार साहू, आपदा प्रबंधन एवं संरक्षण मंत्री तिलक कुमार साहू को उक्त पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया. चुनाव पश्चात सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यों व कर्तव्यों को पूरे निष्ठापूर्वक करने के लिए शपथ दिलाई गई. इस कार्यक्रम में शाला के समस्त बच्चे व शिक्षकगण टी.एल.पाड़े प्रधानपाठक संजीव कुल्हाड़ी, सहायक शिक्षक त्रिवेणी ठाकुर व मालतेश्वरी कुल्हारे उपस्थित रहे.

# शैडो विधायक विक्रांत सिंह से मिलकर संबलपुर के ग्रामीणों ने बताई समस्या



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत आने वाले संबलपुर के ग्रामीण खैरागढ़ पहुचकर शैडो विधायक विक्रांत सिंह से मुलाकात करते हुए अपने गाँव की समस्या से अवगत कराय। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक स्कूल संबलपुर में एक ही शौचालय है, जिससे छात्र छात्राओं को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही गाँव के युवाओं सहित ग्रामीणों ने चंदा करके गाँव में पिछले साल पेड़ लगाया है व गर्मी के दिनों में पेड़ को बचाने के लिए ट्री गार्ड व आपसी सहयोग से पानी डालने का व्यवस्था कराया जिससे आज सभी पेड़ सुरक्षित है। वही ग्रामीणों ने श्री सिंह को अपने गाँव संबलपुर आने को कहा जिस पर विक्रांत सिंह ने एक लाख रुपये शौचालय निर्माण व 50 हजार रुपये झूला -फिसलपट्टी हेतु दिलाने की बात कही साथ ही गाँव में आपसी चन्दा करके पेड़-पौधे की देखरेख व सुरक्षित रखने पर ग्रामीणों को बधाई दिया।।वही ग्रामीणों ने विक्रांत सिंह का आभार जताया।।इस दौरान सरपंच जोगेंद्र कश्यप,नोहर जंघेल, लोकुराम जंघेल, गिरवर ठाकुर, गुलाब ठाकुर, साहस राम जंघेल, दुलारूराम जंघेल, विजय कुमार जंघेल, महेश जंघेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### छठवें दिन वृक्षारोपण कर मनाया गया शिक्षा सप्ताह

हरदी (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष होने के अवसर पर शासन के आदेशानुसार शिक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें आज शिक्षण सप्ताह के छठवें दिन इको क्लब के अंतर्गत गठित समिति के माताओं से पेड़ लगाने का कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष महत्व दिया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच भेलेन्द्र नेताम, हेमंत साहू, यशवंत साहू, प्रमिला बाई, शांति बाई, प्रमिला बाई, ललिता यादव, अनुसाईया, सरोज बाई, यामनी साहू संस्था प्रमुख आरएन श्रीवास, शिक्षक किशन देशमुख, गैंदलाल डहरे, माधव साहू, टीलेश्वर साहू, अमरनाथ आदि उपस्थित रहे।

### प्रयास चयन परीक्षा में सेजेस अम्बागढ़ चौकी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ आवासीय प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा में सेजेस अम्बागढ़ चौकी के 10 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। प्रयास विद्यालय द्वारा जारी चयन सूची में से सेजेस चौकी के 10 विद्यार्थियों को नीट व जेईई की तैयारी करने का मौका मिलेगा। इन विद्यार्थियों में से आदित्य बसु पिता तोरण लाल बसु ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तथा छत्तीसगढ़ प्रयास ओबीसी वर्ग में द्वितीय रैंक हासिल कीया है। अथर्व द्विवेदी पिता राम मणि द्विवेदी ने जनरल वर्ग में 12वां स्थान हासिल किया है, वहीं शिवम साहू पिता मानसिंह साहू 68, वेदांश वर्मा पिता अनुज कुमार 63, सत्यम कुमार साहू पिता राजेश कुमार साहू 62, मयंक कुमार आडिल पिता दिनेश कुमार आडिल ने 63, माही बोरकर पिता इंद्रजीत बोरकर 58, कोयना कुर्रे पिता भरथरी कुर्रे ने 53 अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वहीं संकेत सिन्हा पिता राजेश कुमार सिन्हा एवं आशीष तुलावी पिता दुर्ग सिंह तुलावी का भी आवासीय प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य आर बी सिंह, प्रधान पाठिका सुश्री आकांक्षा सिंह एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खुशियां जाहिर करते हुए बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दिव्याजंली का प्रयास में चयन



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत अछोली निवासी कु. दिव्याजंली नेताम पिता टुमेश नेताम, माता श्रीमती मनीषा नेताम सरपंच ग्राम पंचायत अछोली का कक्षा 9वीं में प्रयास स्कूल राजनांदगांव में चयन हुआ है। जिनके चयन होने पर मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, संरक्षक संतोष पड़ोती, रूदन उइके, कुम्भलाल पदाम, इंद्र कुमार, रामप्रशाद पड़ोती ने बधाई प्रेषित किया है।

### आज जिला सर्व आदिवासी समाज का बैठक

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। राजनांदगांव जिला सर्व आदिवासी समाज का बैठक 28 जुलाई, 2024 रविवार को दोपहर 11 बजे स्थान-आदिवासी कंवर भवन डोंगरगढ़ में आयोजित किया गया है। जिसमें आगामी 9 अगस्त 2024 को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम डोंगरगढ़ में मनाने को लेकर चर्चा किया जाना है। इसके अलावा जिला व स्थानीय सर्व आदीवासी समाज से संबंधित कई विषयों पर चर्चा भी किया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने जिला के समस्त गोंड, कंवर, हल्बा, प्रधान, उराव, कंडारा, सोनझरी पारधी आदी समाज के मातृ शक्ति, पृत शक्ति, युवा शक्ति, अधिकारी, कर्मचारी, समस्त महासभा के पदाधिकारी, चक प्रमुख, मुड़ाक्षेत्र प्रमुख, सगा समाज से अधिक से अधिक संख्या में अपना उपस्थित होने की अपील की है।

### खुशबू बनी दाऊटोला की गौरव



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम दाऊटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 9वी में अध्ययनरत छात्रा खुशबू पुर्राम का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु हुआ है. खुशबू प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही है. उसकी इस सफलता ने शाला एवम ग्राम का गौरव बढ़ाया है. खुशबू बायोलॉजी विषय लेकर एक सफल डॉक्टर बनकर गांव में अपनी सेवा देना चाहती है. छात्रा की इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य डी.एल. भूआर्य, व्याख्याता अनिल कुमार देवांगन, खेमप्रसाद ठाकुर, मुरली वैष्णव, रामसाय बघेल, ललित साहू, सतीश कुंभकार, स्वेता शर्मा, धर्मेंद्र, सी.सिन्हा, एच.एल. टंडन, क्षमा पटेल सहित सभी शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं आशीर्वाद दिया.

# नहीं रहे लोककलाकार ओमन सिंग पोर्ते



कल्लूबंजारी (दावा)। विकास विकास छुरिया के प्रमुख ग्राम गैंदाटोला के समीपस्थ ग्राम खोराटोला निवासी एवं अंचल के सुप्रसिद्ध लोककलाकार ओमन सिंग पोर्ते का लगभग 55 वर्ष के आयु में गत 21जुलाई को बीमारी के चलते दुःखद निधन हो गया। पोर्ते जी अपने पीछे पत्नि जेठीबाई एवं तीन पुत्रों खिलेश्वर, राजेश एवं रवि सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ कर चले गये। साथी कलाकार उनके तीजनहान कार्यक्रम में 23 जुलाई को सामिल होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओमन सिंग पोर्ते छुरिया एवं गैंदाटोला अंचल के सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कलामंच मयारू माटी कोलयारी एवं पहाती के सुकवा केशोटोला के प्रमुख लोक कलाकारों में से एक प्रमुख कलाकार था। पहले वो मयारू माटी कोलयारी एवं बाद में पहाती के सुकवा केशोटोला के माध्यम से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उड़ीसा के विभिन्न मंचों पर गायक, हारमोनियम वादक एवं हास्यकलाकार के रूप में अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ी लोक कला- संस्कृति का प्रचार प्रसार करता था। शोकाकुल परिवार को संबोधित करते हुए तहसील ध्रुव गोंड़ समाज छुरिया के अध्यक्ष, मयारू माटी के संस्थापक एवं संचालक शेरसिंह गोंड़िया कहा कि ओमन सिंग पोर्ते हमारे संस्था के आधार स्तम्भों में से एक थे। पोर्ते जी एक अच्छा लोककलाकार के साथ-साथ एक अच्छा सामाजिक कार्यकर्ता एवं खोराटोला के गणमान्य नागरिक भी थे। ब्लाक कोयतुर गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष एवं पहाती के सुकवा के उदघोषक दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि ओमन सिंग पोर्ते के साथ हमें 25 साल तक कला के क्षेत्र में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। पोर्ते जी हंसमुख स्वभाव के सुप्रसिद्ध एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व अच्छा लोककलाकार था। जिनके पास रोते हुए इंसान को हंसाने का कला था लेकिन अब पोर्ते जी हम सभी को रूलाकर चले गए। पहाती के सुकवा के संस्थापक शरद कुमार ठाकुर ने कहा कि ओमन सिंग पोर्ते जी के निधन से हमारी लोक कला संस्था सहित छत्तीसगढ़ी कला जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। ऐसे कलाकार हजारों में एक होते हैं। पोर्ते जी का दिवंगत होना परिवार, समाज व कला जगत के लिए अत्यंत ही दुःखद है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामकृष्ण चन्द्रवंशी, भोलाराम नेताम, गुमान मंडावी, हिरेन्द्र साहू, कोमल साहू, द्वारका प्रसाद मंडावी, राजेश यादव, अनुप मंडावी आदि सहित परिवार, समाज एवं गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**साथी कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि**

# विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव से प्रयास विद्यायल में 7 बच्चें चयनित



**अब तक 50 से ज्यादा बच्चे चयनित**

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव (ब्राह्मणभेड़ी), विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी से प्रयास विद्यायल से 7 एवं 5 बच्चें एकलव्य विद्यायल में चयनित हुए। नीलकंठ कोमरे ने बताएं कि विजन निःशुल्क संस्थान से अभी तक नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यायल, कन्या शिक्षा परिसर, प्रयास विद्यायल में अभी तक 50 से अधिक बच्चें का चयन हो चुके है एवं अनेकों विद्यालय में विद्या अध्ययन कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रो में प्रतिभावान बच्चों को निखारने के लिए निःशुल्क क्लास की सुविधा प्रदान किए जाते है।

राजू निर्मल बताया कि गरीब बच्चें अच्छे विद्यालय में पड़े जिसके उसे निःशुल्क सुविधा दिया जाता है एवं गांव में छुपे प्रतिभा निखारने प्रयास किए जाते है। प्रयास विद्यायल में रेणुका, कल्पना, पूजा, तुलेश्वरी, वेदिका, नितेश, प्राची का चयन हुए। एकलव्य विद्यालय में डीजेन्द्र, शीतल, प्रवीण, एंजल, कनिका, का चयनित हुए। चयनित बच्चें को एस.के.धीवर बीईओ अम्बागढ़ चौकी, संतोष पाण्डेय, नीलकंठ कोमरे, राजू निर्मल, किरण मंडावी, प्रफुल्ल भंडारी, चम्पेश्वर बढ़ाई, भजन साहू, सोहन कोमरे संकुल समन्वयक बांधाबाजार 2, उदल सलामे संकुल समन्वयक बांधाबाजार 1, नेहा कोमरे, सोनाली कोमरे, भूविक कोमरे, चाँदनी कोमरे, यसवंत निर्मलकर, गिरधर सोनवानी, कैलाश कश्यप, आर. एल.परिहार, सोमदत्त साहू, दुलेश्वर साहू, कपिलनाथ जोशी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दिए है।

# अहिरवार समाज का आदर्श विवाह संपन्न




जोंधरा (दावा)। अहिरवार समाज द्वारा विगत 14 जुलाई को आदर्श विवाह का कार्यक्रम मोक्ष धाम सांकरधारा में आयोजित किया गया। इसमें अहिरवार समाज के राजनांदगांव जिला पदाधिकारी सहित स्थानीय स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर एक जोड़े को प्रेरणा सूत्र में बांधा गया। जिसमें गुण्डरदेही निवासी विकास कुमार पिता मिथलेश मालेकर व वधु के रूप में यामिनी पिता शिव कुमार खरे ग्राम झीराटोला (अंबागढ़ चौकी) का विवाह पूरे सामाजिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए समाज प्रमुख केदार कोरे ने उपस्थित सामाजिक बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श विवाह आज की आवश्यकता ही नहीं अनिवार्यता भी है। जहां एक तरफ महंगी शादी के कारण गरीब मां-बाप आर्थिक बोझ तले दब जाते हैं वही आदर्श विवाह में समाज के थोड़े से सहयोग से हम आज की खर्चीली शादियों से बच सकते हैं। उन्होंने समाज की सराहना की वहीं स्थानीय सामाजिक प्रमुख देवारू मालेकर ने कहा कि आदर्श विवाह को सरकार ने भी प्रोत्साहित किया है ज्यादातर गरीब मां-बाप शादी की महंगी खरीददारी सोना, चांदी, फ्रिज, वाशिंग मशीन यह सब खरीदने के लिए साहूकारों से रकम गिरवी के एवज में लेते रहे हैं शादी के बाद ताउम्र उस कर्ज की अदायगी करते रहते थे। पर इस दिशा में अब अहिरवार समाज ने भी आदर्श विवाह करने की परंपरा की शुरुआत कर दी है उन्होंने आने वाले वर्षों में और भी अधिक संख्या में आदर्श विवाह हेतु आगे आने की अपील की है। कार्यक्रम में वर वधु दोनों पक्षों के सैकड़ो लोगों के साथ ही मुख्य रूप से लक्ष्मण दास जगने, रामसिंह खरे, देवारू मालेकर, विजय मालेकर, संतु चौरे, रामसाय बघेल, शिव खरे, मिथिलेश मोलेकर आदि उपस्थित रहे। विदित हो आदर्श विवाह संत शिरोमणि रविदास मंदिर प्रांगण सांकरधारा में संपन्न हुआ।

# भाजपा विस्तृत बैठक में शामिल हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैक अध्यक्ष सचिन बघेल



छुरिया (दावा)। नगर के स्थानीय साहू धर्मशाला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, मंडल प्रभारी विजेन्द्र ठाकुर इस बैठक में प्रमुख रुप शामिल हुए वी.ओ. भाजपा विस्तृत बैठक में सचिन सिंह बघेल ने कार्यकर्ताओं को सबोधित करते हुए कि भाजपा द्वारा तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी ने देश के प्रधानमंत्री के लिए शपथ लिए है, इस बार जो बजट प्रस्तुत किया गया कई मायने ऐतिहासिक है, युवा बेरोजगार हो चाहे किसान हो रेलवे हो सभी सेक्टर के लिए राशि स्वीकृति की गई है लेकिन विपक्ष नरेटिव बनाने में लगा हुआ इसको गांव चौपाल में जाकर प्रचार प्रसार करना चाहिए, विकसित भारत के लिए यहा बजट मिल का पत्थर साबित होगा, जिस विजन को लेकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चल रहे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ाना, नगरीय निकाय चुनाव हो चाहे त्रिस्तरीय पंचायत के लिए अभी से संगठन को तैयारी प्रारंभ करना चाहिए आम सहमति जीतने योग्य प्रत्याशी का चयन करे, सचिन बघेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में एक पेंड मां नाम से लगाया इस अवसर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीताघासी साहू , रविन्द्र वैष्णव जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिन्हा भाजपा महामंत्री संजय सिन्हा भाजपा महामंत्री खिलेश्वर साहु आलोक मिश्रा मनीष जैन मनीष त्रिपाठी, शेखर भारद्वाज, पार्षद गण भाजपा मीडिया प्रभारी राधे शर्मा शिशुपाल साहू सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 28 लाख में से लाखों रुपए के गबन की आरोपी गायत्री डेकाडे ने ढ़ाई वर्ष बाद पुनः जनपद में जॉइनिंग का आवेदन दिया

- सीईओ द्वारा उचित परामर्श हेतु उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया
- बिना कारण बताएं दिसंबर 2021 से अनुपस्थित है गायत्री डेकाडे
- मामला - जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के आजीविका मिशन विभाग का

डोंगरगढ़(दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पदस्थ अनेक आर्थिक प्रकरणों में निलंबित होकर बहाल होने वाली एनआरएलएम की प्रभारी गायत्री डेकाडे ने नियमों को ताक में रखकर ढाई वर्षो बाद पुनः जनपद में जॉइनिंग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। सीईओ द्वारा आवेदक को उचित मार्गदर्शन हेतु उच्च अधिकारियों को प्रेषित किए जाने की जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है।

चुकी यह मामला आर्थिक अपराध के अलावा एक वर्ष से अधिक अवधि तक बिना कारण बताएं अनुपस्थिति का है, इस कारण स्थानीय प्रशासन उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की दिशा में कार्य कर रहा है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं के उत्तरोत्तर विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्राप्त लाखों रुपए की राशि का गबन करने वाली महिला अधिकारी के खिलाफ आज पर्यंत शासन प्रशासन की ओर से समुचित कार्रवाई नहीं की गई। यही कारण है कि लाखों रुपए का गबन करने एवं ढाई साल तक लगातार अनुपस्थित रहने के बाद भी उक्त महिला अधिकारी द्वारा पुनः जॉइनिंग करने की कोशिश की जा रही है।

दैनिक दावा समाचार पत्र में भ्रष्ट अधिकारी के विरुद्ध चलाए गए अभियान का ही परिणाम है कि भ्रष्ट अधिकारी विगत ढाई वर्षो से अनुपस्थिति रही। यहां तक की उक्त अधिकारी द्वारा आज पर्यंत जांच अधिकारी के समक्ष अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। जानकारों का कहना है कि,बयान दर्ज होते ही आरोपी साबित हो जाएगी गायत्री डेकाडे।

### प्रशासन द्वारा गायत्री डेकाडे को दी गई खुली छूट

मुकेश कुमार बसल, सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा 14 मई 2024 को शासन के समस्त विभाग को जारी किए गए पत्र में, अनाधिकृत अनुपस्थिति या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही से संबंधित निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के अनुसार मूलभूत नियम-18 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-7 के प्रावधानों के तहत् अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसे शासकीय सेवक, जो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, को विभागीय जांच के दौरान निलंबन में रखना आवश्यक नहीं है, क्योंकि, ऐसा करने से वे निलंबन भत्ते आदि की मांग करते हैं।

उक्त निर्देशों के अनुसार कृपया सुनिश्चित करें कि शासकीय सेवक एक माह या उससे अधिक अवधि के लिए अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, उनकी ऐसी अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि को नियम 27 पेंशन नियम, 1976. सहपठित मूलभूत नियम 17-एक के अधीन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा व्यवधान माना जावे। ऐसे सेवकों को किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावे। साथ ही, ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत् 'दीर्घशास्ति' के लिए विभागीय जांच संस्थित की जावे एवं विभागीय जांच का निराकरण अधिकतम 6 माह की समयावधि में कर लिया जावे। आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की शास्ति दी जाये। एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को उनके अवकाश काल के दौरान के पते एवं अंतिम ज्ञात पते दोनों पर ही इस आशय का सूचना-पत्र भेजा जाना चाहिए कि वह 15 दिवस में कारण बताएं कि क्यों न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए, पेंशन, उपादान आदि समस्त उद्देश्यों के लिए उनकी सेवा पुस्तिका में इंदाज किया जाए? सेवा में व्यवधान को समस्त प्रयोजन, जिनमें पेंशन संबंधी लाभ भी सम्मिलित है, के लिए उनकी तब तक की. की गई शासकीय सेवा का हरण माना जाएगा। वित्त विभाग द्वारा 3 वर्ष से अधिक अवधि से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को सेवा से पदच्युत करने संबंधी वित्त निर्देश 49/2013 एवं 15/2018 जारी किये गये है। कृपया उपरोक्त निर्देशों से अपने अधिनस्थ कार्यालय प्रमुखों को पुनः अवगत करावें एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करें, उक्त निर्देशानुसार कार्यवाही न करने पर कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी तय करें। अनुरोध है कि 31.05.2024 से पूर्व अपने विभाग अंतर्गत अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों की एक बार समीक्षा कर लें।

# पहला कॉलम...

## दामाद को दिया तलाक तो पिता ने काटा बेटी का पैर

कराची। पाकिस्तान के कराची से एक दिल को झकझोर देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया है। एक महिला ने शादी तोड़ने के लिए तलाक की अर्जी दाखिल की तो उसके पिता और चाचा ने मिलकर ने उसके साथ बर्बरता की। पिता और चाचा ने गुस्से में उसके पैर को कुल्हाड़ी से काट दिया। सोबिया बतूल शाह नाम की महिला ने पुलिस को बताया कि उसके अपमानजनक और मार-पिटाई करने वाले पति से तलाक मांगने पर उसके पैर काट दिए गए। उसके पति ने कभी भी अपने परिवार की जिम्मेदारी नहीं ली।कथित तौर पर सोबिया के पिता सैयद मुस्तफा शाह और उसके चाचा सैयद कुर्बान शाह, एहसान शाह, शाह नवाज और मुश्ताक शाह ने कुल्हाड़ियों से सोबिया को घायल कर दिया और उसे खून से लथपथ छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके बाद सोबिया को पुलिस नवाब शाह अस्पताल ले गई। महिला ने पुलिस को आगे बताया कि उसका पति नियमित रूप से उसके साथ दुर्व्यवहार करता था और उसका और उसके दो बच्चों का भरण-पोषण करने में असफल था।

## म्यांमार दौरे पर अजीत डोभाल

नेपीता। म्यांमार के प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की हैं। दोनों के बीच सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उपायों को लेकर चर्चा हुई। दरअसल, डोभाल बंगाल की खाड़ी पहल के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए म्यांमार में पहुंचे थे। यह बैठक बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए की गई थी। राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष आंग ह्लाइंग ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में डोभाल का स्वागत किया। सरकारी स्वामित्व वाले समाचार पत्र द ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और सहयोग, म्यांमार की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र और निष्पक्ष बहुदलीय लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उपायों पर सौहार्दपूर्ण ढंग से विचारों का आदान-प्रदान किया।

## पेरिस ओलंपिक शुरु होते ही दो लाख कंडोम बटे

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक विलेज के आसपास डेटिंग ऐप्स पर यूजर्स की बाढ़ आ गई है। ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए पेरिस पहुंचे हजारों एथलीट्स और लाखों दर्शकों से रोमांस का शहर भर गया है। जाहिर है कि हर किसी को हुक-अप्स के लिए पार्टनर की तलाश है। टिंडर, बम्बल और खासतौर पर हिंज डेटिंग ऐप्स पर यूजर्स की संख्या में बड़ी उछाल दर्ज की गई है। शहर के सेंट डेनिस एरिया में एथलीट्स का बेस लोकेशन है। जहां से सैकड़ों नए यूजर्स ने डेटिंग ऐप्स पर लॉग इन किया है। पेरिस ओलंपिक के आयोजनकर्ताओं के हवाले से डेली मेल ने लिखा है कि इस बार खासतौर पर च्एंटी बोंकज् बेड तैयार किए गए हैं। ये बेड कार्डबोर्ड से बने हैं और इसमें सिर्फ एक व्यक्ति के लिए ही जगह है। बावजूद इसके सिटी ऑफ लव में ओलंपिक का आयोजन जबरदस्त होने जा रहा है। आयोजनकर्ताओं ने खिलाड़ियों को यौन संक्रमित बीमारियों से बचाने के लिए 2 लाख से ज्यादा कंडोम बांटे हैं। कॉम्प्लेक्स के अलग-अलग प्वाइंट्स पर कंडोम से भरे बॉक्स रखे गए हैं।

## बनास डेयरी के बायो सीएनजी प्लांट पहुंचे सुजुकी के चेयरमेन तोशिहिरो, स्वच्छ ईंधन के प्रयोग पर यह बोले

नई दिल्ली ,27 जुलाई। जापानी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने शुक्रवार को बनासकांठा के बनास डेयरी स्थित बायो सीएनजी प्लांट का दौरा किया। पिछले साल, जापान की सुजुकी और बनास डेयरी ने एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के सहयोग से एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था और 5 नए बायो-सीएनजी संयंत्र शुरू किए थे।बनास डेयरी के भ्रमण के दौरान जापानी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध बहुत पुराने हैं। मारुति सुजूकी भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी है। हम निकट भविष्य में वाहनों में ईंधन के रूप में बायो-सीएनजी का उपयोग चाहते हैं ताकि यह पर्यावरण को प्रभावित न करे। यह एक बहुत अच्छी पहल है। देश भर में इस परियोजना को गति देने के लिए, हम बनास डेयरी और एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, बनास डेयरी के चेयरमैन शंकर चौधरी ने कहा, पांच साल पहले बनास डेयरी ने बायो-सीएनजी प्लांट शुरू किया था। तब हमारे पास पहले कोई शोध नहीं था, लेकिन पीएम मोदी ने हमसे वादा किया था कि गोबर गोबर नहीं बल्कि गोबर धन है, यह अपशिष्ठ पदार्थ नहीं बल्कि धन है। बनास डेयरी ने उन शब्दों पर अमला किया।

## भारत ने 43 रन से जीता पहला टी-20-श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त, कप्तान सूर्या की फिफ्टी



स्पोर्ट्स डेस्क। वर्ल्ड चैंपियन भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 43 रनों से जीत लिया है। इस जीत से टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की ब?त हासिल की है। दूसरा मुकाबला 28 जुलाई को खेला जाएगा।

पल्लेकेले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 213 रन बनाए। टीम इंडिया ने टी-20 में 35वीं बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया। रन चेज में श्रीलंकाई टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर ऑलआउट हो गई। रियान पराग ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। श्रीलंका से पथुम निसांका ने 79 रन बनाए। उनकी पारी के दम पर श्रीलंकाई टीम ने 14 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए थे और आसानी से जीतती दिख रही थी। उन्हें अक्षर पटेल ने आउट करके भारत की मैच में वापसी कराई। कुसल मेंडिस (45 रन) रन बनाकर आउट हुए।

### रियान पराग ने आखिरी ओवर में दो विकेट लिए, मैच में 3 विकेट

पारी का आखिरी ओवर डाल रहे रियान पराग ने लगातार दो बॉल पर दो विकेट लिए। महीश तीक्षणा और दिलशान मदुशंका को आउट किया। इसी के साथ भारतीय टीम ने यह मै 43 रनों से जीत लिया।

### पावरप्ले में टीम इंडिया ने 74 रन बनाए

पहले बल्लेबाजी कर रही भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की है। टीम ने 6 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दिलशान मदुशंका ने अविष्का फर्नांडो के हाथों कैच कराया।

## हरमनप्रीत के गोल से भारत ने हॉकी में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया, मनदीप और विवेक ने भी किए गोल



पेरिस। भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को यहां न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर ओलंपिक में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। टोक्यो में भारत ने 41 साल के बाद कांस्य पदक जीता था। इस बार ग्रुप बी में भारत के लिए चुनौती कठिन मानी जा रही है लेकिन जीत से शुरुआत के साथ भारतीय टीम ने अपने तेवर दिखा दिए हैं। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमें एक समय 2-2 से बराबरी पर थी। मैच खत्म से एक मिनट पहले हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। अंतिम क्षणों में न्यूजीलैंड ने प्रयास किया लेकिन भारतीय टीम को जीत से नहीं रोक सकी। अब भारत का मैच सोमवार को अर्जेंटीना से होगा।

न्यूजीलैंड के सैम लेन ने आठवें मिनट में गोल कर दिया था। उसके बाद दूसरे क्वार्टर (24वें मिनट) में मनदीप सिंह ने भारतीय टीम को पेनाल्टी कॉर्नर पर बराबरी दिला दी। भारत की ओर से दूसरा गोल 34 वें मिनट में विवेक सागर प्रसाद ने कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया था। उसके बाद न्यूजीलैंड के सिमोन चाइल्ड ने 53वें मिनट में एक बार फिर स्कोर बराबरी पर ला दिया। ग्रुप बी के अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने अर्जेंटीना को 1-0 से और गत चैंपियन बेल्जियम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया। इसके अलावा ग्रुप ए के मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 5-3 से हरा दिया। मैच बारिश के बीच खेला गया। ब्रिटेन ने स्पेन को 4-0 से पराजित किया। टोक्यो में 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय टीम को अब 29 जुलाई को पूल बी के अगले मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन रही अर्जेंटीना से खेलना है और इस मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर गंवाने वाली भारतीय टीम को इस कमी से पार पाना होगा। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम दबाव में दिखी और खिलाड़ियों ने कई सहज गलतियां की। गेंद पर नियंत्रण के मामले में भी न्यूजीलैंड ने बाजी मारी। सैम लेन के गोल के बावजूद पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में मनदीप और सुखजीत गेंद को कीवी सर्कल के भीतर लेकर गए, लेकिन फिनिशिंग टच नहीं दे सके। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पूरी तरह बदली हुई नजर आई और न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया।

# आज मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच दोनों वर्ग का फायनल

0 मेजबान छत्तीसगढ़ व राजस्थान दोनों वर्ग के तीसरे चौथे स्थान के लिए खेलेंगे

राजनांदगांव (दावा)। बालक एवं बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश और हॉकी महाराष्ट्र द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के फायनल में आज 28 जुलाई को खेलेगी। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग का फायनल मैच प्रातः 09 बजे से खेला जायेगा वहीं स्पर्धा के बालिका वर्ग के तीसरे चौथे स्थान के लिए सुबह 7 बजे मेजबान छत्तीसगढ़ और राजस्थान भिडेंगी।

बालक वर्ग में तीसरे व चौथे स्थान के लिए मेजबान छत्तीसगढ और राजस्थान की टीम के मध्य मैच दोपहर 1 बजे से एवं बालक वर्ग का फायनल मैच मध्यप्रदेश विरूद्ध महाराष्ट्र के बीच .अपरांह 3 बजे से खेला जायेगा। स्पर्धा का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह संतोष पाण्डेय सांसद, लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य में पूर्व सांसद मधूसूदन यादव की अध्यक्षता व जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सुरूची सिंह सी.ई.ओ. जिला पंचायत राजनांदगांव एवं असुंता लकरा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं भारती गोते (प्रचार्य एन.पी.एस) के विशिष्ठ आतिथ्यि में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में कल 28 जुलाई को बालिका वर्ग का सुबह 9 बजे तथा बालक वर्ग का अपरांह 3 बजे आयोजित है। आज खेले गए बालक वर्ग के पहले मैच में हॉकी हॉकी गुजरात ने गोवा को 5-3 गोल से हराया वहीं बालिका वर्ग के पहले सेमीफायनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 7-1 से पराजित किया दूसरे सेमीफायनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 7-0 गोल से पराजित किया बालक वर्ग में खेले गए दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को 9-1 से पराजित कर फायनल में जगह बनाई आज खेले गए तीसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 5-2 गोल से पराजित कर फायनल में प्रवेश किया।

आज मैच के दौरान जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, फिरोज अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं सचिव आयोजन समिति, जरनेल सिंह भाटिया, समाजसेवी डॉ. अनिमेष गांधी, डॉ.सुगंध गांधी, मृणाल चौबे, गणेश प्रसाद शर्मा, भूषण साव रणविजय प्रताप सिंह, अनुराज श्रीवास्तव, संतोष अवस्थी, अब्दुल कादिर, विष्णु अग्रवाल गोपेश्वर कहरा (अध्यक्ष जिला हॉकी संघ जांजगीरचांपा) राकेश गढ़वाल (सचिव जिला हॉकी संघ जांजगीरचांपा) नजीर अहमद खान (वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रायपुर) योगेश बागडी, सचिव जिला क्रिकेट संघ, शमिम मिर्जा प्रभारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, सोनू



भाटिया वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी, किशोर मेहरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्लेयर आफ द मैच के पुरूस्कार वितरित कर खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में खेली जा रही द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के सांतवे दिन प्रातः खेले गए बालक वर्ग के प्रथम मैच में हॉकी गुजरात ने गोवा हॉकी को संघषपूर्ण मुकाबले में 5-3 गोल से पराजित किया गुजरात की ओर से आदित्य परमार ने 2 गोल, बद्रेश फनील, दबी निलेशभाई,और गेना नोमन ने 1-1 गोल किया वही गोवा की ओर से शहजफर ने 2 और पंकज राजेश नायक ने 1 गोल किया बालिका वर्ग में खेले गए पहले सेमीफायनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने मेजबान छत्तीसगढ को 7-1 गोल से पराजित कर फायनल में अपना जगह बनाया इस एकतरफे मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम की ओर से खुशी ने 4 गोल टीम की कप्तान सनिका चंन्द्रकांत माणे , तनुश्री दिनेश काडू और सुकनया धावरे ने 1-1 गोल किया था वहीं एक मात्र गोल मेजबान छत्तीसगढ की सोनम राजभार ने किया दुसरे सेमीफायनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने एकतरफा जीत हासिल कर फायनल में जगह बनाई मध्यप्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 7-0 गोलो से पराजित किया हॉकी मध्यप्रदेश की ओर से स्नेहा पटेल ने 2 गोल सुजता जयंत, कृष्णा शर्मा,चानू खैदम सैलिमा, काजल और कनक पाल ने 1-1 गोल करते हुए फायनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

आज का तीसरा मैच मेजबान छत्तीसगढ़ विरूद्ध हॉकी मध्यप्रदेश के मध्य खेला गया जिसमें दोनो ही टीमो के मध्य संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला दोनो ही टीम मैच के दुसरे क्वाटर तक एक भी गोल नही कर पाई थी किन्तु मैच के 35वें मिनट में हॉकी मध्यप्रदेश की ओर से तुषार परमान ने गोल कर 1 गोल की बढत बनाई उसके उपरांत मैच के 47वें मिनट और 50वें मिनट में अलमाज खान और मोहम्मद अंश ने गोल कर 3-0 गोल बढत बना रखी थी उसी दौरान मैच के 55वें मिनट में छत्तीसगढ टीम के मोहित नायक ने लगातार 2 गोल कर गोल बढत को कम करने की कोशिश कि लेकिन मैच के 57वें मिनट और मैच के 59वें मिनट में रितेन्द्र प्रताप सिंग और अलमाज खान ने गोल करते हुए मैच को 5-2 गोल से जीत दर्ज करते फायनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र की सुकन्या धावरे को दुसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश की हुडा खान एवं बालक वर्ग में पहले मैच में हॉकी गुजरात के मंयक कुमार हलपेती को दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र के अर्जून संतोष हुरगुढे को आज खेले तीसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश के मोहम्मद अंश को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया वही अतिथियों को भी आयोजन समिति की ओर से हॉकी स्टीक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया गया।

### अपील

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में खेली जा रही द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता जो कि दिनांक 21 जुलाई से आयोजित कि गई उसका फाइनल मैच व समापन समारोह आज 28 जुलाई को अपरांह 3 बजे आयोजित कि गई है जिसमे आयोजन समिति ने खेलप्रेमी जनता से अपेक्षा की है कि मैदान में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्सहावर्धन करें।

## रमिता-अर्जुन और एलावेनिल-संदीप 10 मी. एयर राइफल मिक्स्ड टीम में 6वें और 12वें स्थान पर रहे



चेटौरौक्स। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के लिए भारत ने क्वालिफाई नहीं किया। इसी के साथ भारत की पहले ही दिन पदक के साथ शुरुआत करने की उम्मीद टूट गई है, क्योंकि निशानेबाजी में भारत की शुरुआत खराब रही।

रमिता जिंदल-अर्जुन बाबूटा और एलावेनिल वलारिवान-संदीप सिंह की दो जोड़ियां शनिवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम क्वालीफिकेशन राउंड के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल नहीं रही।रमिता और अर्जुन ने 30 शॉट्स की सीरीज में कुल 628.7 का स्कोर किया। दूसरी भारतीय टीम एलावेनिल वलारिवान और संदीप सिंह 626.3 अंकों के साथ 12वें स्थान पर रही।चीन, कोरिया, जर्मनी और कजाकिस्तान 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम पदक मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। रैंकिंग में केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक राउंड में आगे बढ़ेंगी, जिसमें पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## ओलंपिक इतिहास में पहली बार नाव पर हुई राष्ट्रों की परेड



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में ओपनिंग सेरेमनी में 129 सालों के खेलों के इस महाकुंभ में पहली बार नाव पर राष्ट्रों की परेड का आयोजन कराया गया। फ्रांस की राजधानी में 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में कुल 206 देश के 10500 एथलीट्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भारत के कुल 117 एथलीट्स का दल शामिल है। ओपनिंग सेरेमनी में सबसे पहले ग्रीस देश के एथलीट्स आए। राष्ट्रों की ये परेड करीब 6 किलोमीटर की थी। सारे एथलीट्स सीन नदी पर नावों के सहारे शहर में घूमते हुए ट्रोकेडारो गार्डन पहुंचेंगे जहां ओपनिंग सेरेमनी का फाइनल शो के लिए पहुंचे। वहीं भारत का ओलंपिक दल 84वें नंबर पर इस परेड में एंटर किया। भारतीय ओलंपिक दल के फ्लैग बियरर स्टार शटलर पीवी सिंधु और टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल थे। वहीं राष्ट्रों की परेड में आखिर में फ्रांस का दल आया।

## पेरिस ओलंपिक: बलराज पंवार रेपेचेज में लेंगे हिस्सा

पेरिस। भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्कल प्रतियोगिता की हीट 1 में चौथे स्थान पर रहने के बाद रेपेचेज में हिस्सा लेंगे।

25 वर्षीय बलराज पंवार न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (6:55.92), स्टीफानोस एनतोस्कोस (7:01.79) और अब्देलखालेक एलबाना (7:05.06) से पीछे रहने के बाद क्वार्टर फाइनल के लिए सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गए। पंवार 7:07.11 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रत्येक हीट में शीर्ष तीन को क्वार्टर के लिए सीधे क्वालीफिकेशन मिलता है। हालांकि, भारतीय रोवर के पास सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंचने और पोडियम पर फिनिश करने के लिए रेपेचेज में एक और मौका होगा। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। पंवार ने कोरिया में एशियाई और ओसियाना ओलंपिक क्वालीफिकेशन में कांस्य पदक जीता और चीन के हांगझोऊ में 2022 एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे।

*ममता के दावों पर नीति आयोग की ..*

ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने बैठक का बहिष्कार किया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को 20 मिनट दिए गए, जबकि मुझे केवल पांच मिनट मिले। यह अपमानजनक है। इससे पहले ममता बनर्जी के इस बयान पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी स्पष्टिकरण दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ममता बनर्जी की ओर से किए गए दावों को झूठा बताया।

*दिल्ली में बीजेपी की बड़ी बैठक..*

जिसे अब केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों में क्रियान्वित किया गया है। बैठक में अपने नवाचार साझा करने का क्रम शनिवार को शुरू हो गया और रविवार को भी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री अपने राज्यों के कार्यकलापों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। बैठक में इन राज्यों के सीएम पहुंचे- बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मध्य प्रदेश से डॉ. मोहन यादव, राजस्थान से भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड से पुष्कर सिंह धामी, गुजरात से भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ से विष्णुदेव साय, हरियाणा से नायब सिंह सैनी, असम से हिमंत बिस्वा सरमा पहुंचे। ओडिशा से सीएम मोहन चरण माझी, त्रिपुरा से माणिक साहा, अरुणाचल प्रदेश से पेमा खांडू, गोवा से प्रमोद सावंत, मणिपुर से बिरेन सिंह, बिहार से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और महाराष्ट्र से डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल हो रहे हैं। संभावना है कि रविवार को सभी मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के मन की बात को भी एक साथ सुनें।

*छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनसुख ...*

यहां तक कि, प्राकृतिक खेती का प्रावधान भी बजट में है, जिससे देश आगे बढ़ेगा। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पीपीपी को करेंगे सपोर्ट - उन्होंने आगे कहा कि, रोजगार के लिए 1 लाख 48 हजार एंप्लॉयमेंट लिंक इंसेंटिव पर किया जाएगा। श्क्क्रह्न में 12 हजार सरकार देगी और 12 हजार रुपए एंप्लॉयर देंगे। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पीपीपी को सपोर्ट करेंगे और इसके लिए डिजिटल प्लानिंग अति आवश्यक है। सिटी प्लानिंग आज के दिन की सबसे बड़ी डिमांड है इसमें डिजिटल प्रणाली का कैसे उपयोग करें।

*जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एनकाउंटर..*

40 से 50 आतंकियों के छिपे होने की खबर-सूत्र के मूताबिक हैं कि

## प्रथम पेज का शेष

जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिलों के ऊपरी इलाकों में 40 से 50 पाकिस्तानी आतंकी छुपे हो सकते हैं, जिसके चलते सेना के जवानों ने उनके खिलाफ ऑपरेशन चला रखा है और ढूंढ-ढूंढकर आतंकियों का सफाया किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले 46 दिन से सात आतंकी वारदातों में 11 सैन्य जवान शहीद हो चुके है, जबकि 10 आम नागरिकों की मौत हुई है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अब इसको लेकर एक निर्णायक रणनीति बनानी ही होगी, क्योंकि आतंकी हमला करके गायब हो रहे हैं, इसलिए इनका सफाया जरूरी हो गया है।

*छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी अगले...*

आधारित बनाने की योजना बनाई है। सरकारी भवनों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है, और नया रायपुर के अधिकांश सरकारी भवनों में ये संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं, जिनसे विद्युत आपूर्ति ग्रिड में की जाती है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक 96 प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2047 तक केवल विकसित ही नहीं, बल्कि जल-सुरक्षित भारत 2047 भी होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की उम्मीद जताई। इसके अलावा, रायपुर में नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग और रिसर्च इंस्टीट्यूट को और मजबूत करने के साथ-साथ वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की स्थापना की भी मांग की। उन्होंने कहा कि, इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ में बारिश के पानी को सही से संचित और इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे जल संकट कम होगा और किसानों को ज्यादा मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की तैनाती की गई है। अब छत्तीसगढ़ के सबसे दुर्गम इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। इन मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री साय ने भूमि और संपत्ति के मुद्दों पर कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल किए जा रहे हैं। इस तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगेगा। उन्होंने बताया कि इस सुधार से भूमि विवादों को आसानी से सुलझाया जा सकेगा, जिससे राज्य में निवेश और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के प्रति समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। केंद्र सरकार की सहायता से छत्तीसगढ़ राज्य अपने विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर समस्त केन्द्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर्स, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, गवर्निंग काउन्सिल के सदस्य व छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन उपस्थित रहे।

*ईओडब्ल्यू और एसीबी अब जुआ...*

ऐसे में महादेव सट्टा की जांच में दिक्कत हो रही थी। इसे देखते हुए यह बदलाव किया गया है। ईओडब्ल्यू और एसीबी नहीं है राज्य पुलिस का हिस्सा - आपको बता दें कि, ईओडब्ल्यू और एसीबी राज्य पुलिस का हिस्सा नहीं है। बल्कि यह सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन काम करता है। इस वजह से यह एजेंसी पुलिस को प्राप्त सभी अधिकारियों का प्रयोग नहीं कर पाती है।

*सीएसआईआर-नेट परीक्षा में नकल..*

हल करते थे. एसटीएफ ने मेरठ के जाना थानी में मुकदमा दर्ज कराया गया है. वहीं सुभारती विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर अपने आप को इस परीक्षा से कोई लेना-देना नहीं बताया है. उनका कहना है कि सुभारती कॉलेज का इस परीक्षा से कोई लेना-देना नहीं है.

*नीता अंबानी ने ओलंपिक*

पी.टी. उषा, फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ, बीसीसीआई के जय शाह और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा शामिल रहे। इंडिया हाउस के महत्व पर श्रीमती अंबानी ने कहा, ओलंपिक के इतिहास में पहली बार बने इंडिया-हाउस में आपका स्वागत है। आज हम 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में हम एक नया सपना देख रहे हैं एक ऐसा सपना जो 1.4 अरब भारतीयों का है। भारत को ओलंपिक में लाने का और ओलंपिक को भारत में लाने का एक साझा सपना। अब समय आ गया है कि एथेंस में पहली बार जलाई गई ओलंपिक ज्योति हमारी प्राचीन भूमि भारत में भी प्रज्वलित हो। वह दिन दूर नहीं जब भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा।

## पेरिस ओलंपिक्स तक पहुंचा इजरायल-हमास युद्ध!



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक्स 2024 शुरू होने से पहले ही विवादों का घर बन गया है. ओलंपिक सेरेमनी 26 जुलाई को होनी थी, लेकिन उससे 2 दिन पहले फुटबॉल में इजरायल का सामना माली से हुआ, जिनका मैच एक-एक से ड्रॉ पर छूटा. दरअसल जब मैच शुरू होने से पूर्व इजरायल का राष्ट्रगान बजाया गया तब मुस्लिम बहुल देश फिलिस्तीन के समर्थकों ने जोर-जोर से इजरायली फुटबॉल टीम के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और काफी लोगों ने फिलिस्तीन का झण्डा दिखाकर इजरायल का विरोध जताया.

जैसे-जैसे इजरायल टीम के खिलाफ नारे लगाए जा रहे थे, वैसे-वैसे स्टेडियम में मौजूद अनाउंसमेंट स्पीकर की आवाज को भी बढ़ाया जा रहा था. हद तो तब हो गई जब-जब इजरायल का कोई भी खिलाड़ी बॉल को टच करता तब-तब पूरी इजरायली टीम के खिलाफ नारे लगाए जाते. खैर इससे इजरायल टीम और उसके कोच पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि कोच गाय लुज़ोन ने कहा कि उन्हें तो यह पसंद आ रहा है और इससे भी ज्यादा जोर से उनके खिलाफ नारे लगाइये क्योंकि इससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का प्रोत्साहन ही मिलेगा. बता दें कि इजरायल और माली का मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें पहला गोल इजरायल की तरफ से हुआ, वहीं कुछ देर बाद ही माली ने स्कोर एक-एक से लेवल कर लिया था. अंत तक स्कोर 1-1 बना रहा, जिसके कारण दोनों टीमों को ग्रुप डी के इस मैच में एक-एक अंक शेयर करना पड़ा. फिलिस्तीन के एथलीट जब ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पेरिस एयरपोर्ट पर लैंड हुए तब उनका फूलों से स्वागत किया गया था.

# आवास योजना से बदल रहा है शहरी जीवन

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ''मोर जमीन मोर मकान के तहत् कुल 7135 आवास पूर्ण हो गये है और 1118 आवास विभिन्न अलग-अलग स्तर पर निर्माणाधीन है। आवास योजना के माध्यम से शहर के जरूरतमद एवं गरीब परिवारों के सर पर पक्की छत हो इस पर निरंतर नगर निगम राजनांदगांव का सार्थक प्रयास जारी है। आवास योजना का लाभ देने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में मोर जमीन मोर आवास योजना से जुड़े सभी वास्तुविद एवं इंजीनियरों के द्वारा नगर में अच्छे एवं सुंदर आवास निर्माण के लिये हितग्राहियों को सलाह दी जा रही है, सलाह अनुसार आवास का निर्माण किया जा रहा है। अच्छे और सुंदर सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को समय समय पर शासन द्वार प्रोत्साहित भी किया जाता रहा है।

नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत आवास का सपना साकार करने वाले हितग्राहियों में राजनांदगांव निकाय क्षेत्र की एक संघर्षशील महिला श्रीमती प्रेमा सोनकर अपने दो बच्चे स्वयं और वेदिका के साथ आज वार्ड क्रमांक एक में रहती है पति से विवाह विच्छेद होने के बाद से प्रेमा एकाकी जीवन जीते हुए अपनी आजीविका चलाने के लिए नगर पालिक निगम में स्वच्छता दीदी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। श्रीमती प्रेमा स्वच्छता दीदी के रूप में काम करते हुए थोड़े-थोड़े पैसे एकत्रित करके उन पैसों से एक छोटी सी जमीन खरीदी उसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक 'मोर जमीन मोर मकान' बी.एल.सी. के तहत अपने आशियाने को बनाया और सजाया भी।

प्रेमा बताती है जब वह किराए के घर में रहती थी तो उसे सदा किराए के घर को खाली करने, समय पर किराया न देने पर मकान मालिक की धमकी का भय

## आवासहीन व्यक्ति कर रहा पक्का मकान में निवास

सदा बना रहता था। एक किस्सा साझा करते हुए प्रेमा बताती है, जब मेरा एक पैर टूट गया था मैं 3 महीने तक बिस्तर पर थी उसी दौरान मकान मालिक ने जिस प्रकार मेरी गरीबी का मखौल उ?ाया था उस घटना को याद कर आज भी मेरी आंख में आशु ला देता है। उसी दिन मैंने सोचा था कि अब मैं किराए के घर में नहीं रहूंगी जो भी हो मैं अपना स्वयं का घर बनाऊंगी प्रेमा अपनी सोच को साकार करने के लिए कुछ वर्षों बाद जमीन खरीद कर अपने नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया, आवास की स्वीकृति आने पर प्रेमा ने थो? बहुत पैसे कहीं से उधार लेकर उस राशि को अंशदान के रूप में आवास निर्माण के समय लगा कर आज एक सुन्दर सुविधायुक्त अच्छा आवास का निर्माण करवाया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना एक आवास योजना ही नहीं यह दिल की ख्वाहिश को पूरा करने की कुंजी है आज प्रेमा टाइल्स लगे सुंदर व्यवस्थित किचन वाले घर में रहते हुए अपने दोनों बच्चों के भविष्य को संवारने की बात कहती है, रोटी कप?ा और मकान तीनों मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए शासन ने सहयोग किया है, स्वच्छता योजना से रोजगार, शासन की उज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस, नल-जल योजना से स्वच्छ पेयजल और शासन की खाद्यान योजना के द्वारा रसोई का सामान मिलना इन सभी योजनाओं का लाभ लेकर प्रशासन को कोटिस धन्यवाद करती है।

राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 14 गौरी नगर क्षेत्र में रहने वाली श्रीमति ममता यादव एक गृहणी है एवं इनके पति श्री मनीष यादव एक मेडिसन फर्मा कंपनी में एक विपन्न सलाहकार (एम.आर.) के रूप में कार्यरत है। श्रीमति ममता बताती है, कि उनका छोटा सा घर था मात्र एक कमरे का उसी कमरे में खाना भी बनाती थी और उसी कमरे में अपने दैनिक काम के साथ सामान को हटाकर पूरा परिवार सोता था, उस पर आफत बारिश का दिन हो तो बच्चो को गोद में लिए पूरी रात काटनी पड़ती थी।

ममता यादव बताते है, हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि अपना अलग घर बना सके सयुंक्त परिवार में छोटे से कमरे में अपने दिनचर्या को निभाना पड़ता था। छोटी-छोटी बचत कर के एक छोटी सी जमीन का टुकड़ा हमने खरीदा उसी स्थान पर उपने आसियाने के सपनो को सजाने लगे पर आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि स्व्यं से आवास निर्माण के लिए तैयार हो सके। सबके आवास बनते देख प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी लेकर आवास बनाने के लिए अपने सम्पूर्ण दस्तावेज जमा कर स्वीकृति का इंतजार करने लगे और कुछ दिनो बाद मेरी प्रार्थना स्वीकार हुई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा आवास की स्वीकृति प्राप्त होने से मन में एक विश्वास जागा हमने अपने पुराने घर को तोड़कर नया आवास बनाने का कार्य प्रारंभ किया, प्रधानमंत्री आवास योजना की तकनीकी जानकारी प्रदान करने के नगर निगम से साथ -साथ जल्दी-जल्दी आवास के स्तर निर्माण अनुसार भुगतान मिलता गया, और आज मेरा सपना मेरे पक्के घर के रूप में मेरे साथ खड़ा है।

## केसीजी जिला अध्यक्ष घम्मन साहू के नेतृत्व में पांडादाह मंडल की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। पांडादाह भाजपा मंडल की विस्तारित कार्य समिति की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत से हुआ विस्तारित कार्यसमिति का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया।

मंडल के मुख्य पदाधिकारीगण नरोत्तम सिन्हा, कमलेश भदोरिया, महामंत्री गोरेलाल, महामंत्री संतोष कर्स, तिलेश्वर साहू, बिसेसार दास साहू, खुम्मन देश लहरे, पुष्पराज ठाकुर (मोना) जनपद सदस्य अरुणा राजू सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा देवदास, शक्ति केंद्र गातापार जंगल से सहसंयोजक मानिक यदू, उपसरपंच सूर्यकुमार झा, बुथ अध्यक्ष महेश मांडवी आदि सम्मानित मंच एवं समस्त मोर्चा के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण की सादर उपस्थिति रही और विस्तारित कार्य समिति का अनुमोदन पूर्ण निष्ठा से किया।

## महरूम के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिविर में 205 मरीजों को मिला लाभ



डोंगरगांव (दावा)। आयुष संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर महरूम में वृद्धजनों के लिए नि" शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 26 जुलाई शुक्रवार को आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात" 10 बजे भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर व शिविर प्रभारी डॉक्टर रेखा साहू, प्राचार्य, प्रधानपाठक व ग्राम पंच ईश्वर देवांगन के सारगर्भित भाषण के द्वारा किया गया. इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ.हर्ष कुमार के द्वारा उदर रोग, डॉक्टर हिमांशी सुधाकर के द्वारा वात रोग और डॉक्टर रेखा साहू के द्वारा चर्मरोग की जांच किये तथा शिविर में नेमा देवांगन द्वारा पर्ची लिखना व छगनलाल मालेकर द्वारा बी.पी., शुगर की जांच किया गया. वहीं रोगों के अनुसार योग प्रशिक्षक कु.यर्चना साहू द्वारा योग व आसन बताये और बसंतसिंह राजपूत, टोमनलाल ठाकुर ने औषधि वितरण किया गया. साथ ही नेत्र चिकित्सक देवेंद्र साहू द्वारा नेत्र परीक्षण व दवाई तथा खून जांच गोपेश द्वारा किया गया.

## प्रथम वेस्ट जोन जुजित्सू प्रतियोगिता देवास में संपन्न

डोंगरगढ़(दावा)। प्रथम वेस्ट जोन जुजित्सू प्रतियोगिता का आयोजन देवास मध्य प्रदेश में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए वसुंधरा मार्शल आर्ट अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन इवेंट में कुल 11 स्वर्ण पदक 11 रजत पदक एवं चार कांस्य पदक प्रात किए। छत्तीसगढी के सम्मुख कोच राणा अजय सिंह में जानकारी दी की सब जूनियर बालिका में 20 किलो वजन समूह में आरवी रामटेके ने फाइटिंग एवं नेवाजा इवेंट में दो स्वर्ण पदक अनुष्का चंदेल ने 36 किलोग्राम फाइटिंग एवं नेवाजा ने दो कांस्य पदक, हेमाश्री जघेल ने 40 किलोग्राम में फाइटिंग एवं नेवाजा इवेंट में दो कांस्य पदक काव्या साहू 57 किलोग्राम में फाइटिंग एवं नेवाजा इवेंट में दो स्वर्ण पदक सीनियर बालिका में योग्या जंघेल 40 किलोग्राम फाइटिंग एवं नेवाजा में दो स्वर्ण पदक 52 किलोग्राम में तनुश्री यदु नेवाजा में रजत पदक फाइटिंग में कांस्य पदक 57 किलोग्राम में निधि वर्मा फाइटिंग मे स्वर्ण पदक नेवाजा में कांस्य पदक 65 किलोग्राम में राणा वसुंधरा सिंह ने फाइटिंग एवं नेवाजा में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए।




० वसुंधरा मार्शल आर्ट अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण सहित अनेक पदक प्रात किए

वही सब जूनियर बालक में 28 किलोग्राम में आहन रामटेके ने फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 32 किलोग्राम में राणा विक्रम सिंह फाइटिंग ने कांस्य पदक 36 किलोग्राम में सुयश साहू नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक 40 किलोग्राम में शौर्य प्रताप सिंह नेवाजा में स्वर्ण पदक फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक 48 किलोग्राम में देवांश अग्रवाल फाइटिंग एवं नेवाजा में दो कांस्य पदक वही सीनियर बालक वर्ग में 48 किलोग्राम में वेदांश मोहने फाइटिंग एवं नेवाजा में दो कांस्य पदक एवं कुंभलाल वर्मा ने 56 किलोग्राम में नेवाजा में कांस्य पदक प्राप्त किया। चैंपियंस ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान पर रही प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश द्वितीय स्थान पर महाराष्ट्र रही। टीम की शानदार उपलब्धि पर जिला संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी सचिव तरुण वरकड़े, श्रीमती पूनम टेम्बुरकर, बाबूराव जनबंधु, राजकुमार नंदेश्वर, देवेंद्र अंबादे, जॉर्ज मसीह, चंद्रहास साहू सभी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरग? में 26 जुलाई को प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा के मागदर्शन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम कारगिल विजय दिवस में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया गया।

पश्चात मुख्य वक्ता ने अपने भाषण में कैप्टन विक्रम बत्रा लेफ्टिनेंट मनोज पांडे एवं अन्य सैनिकों के शौर्य प्रदर्शन के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. चौधरी ने कहा कि कारगिल जो की एक जिला है जम्मू एंड कश्मीर में वहां पर हुए युद्ध का बाकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपुत एवं एवलाल मेश्राम ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी कैडेट खुशी महोबिया एवं एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा के द्वारा किया गया।

## यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा तेज आवाज व मॉडिफाइड सायलेंसर वाले 02 मोटर सायकल को किया जब्त

**खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल (भापुसे) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पाण्डेय व अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले खैरागढ़ के मार्गदर्शन में जिला केसीजी मे विशाल स्तर पर 'समर्थ' अभियान के तहत लोगो को जहाँ जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।**



यातायात द्वारा कुल 35 प्रकरणों मे समन शुल्क 13500 रूपये वसूल की यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर होगी प्रभावी कार्यवाही

वहीं यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर सख्ती से कार्यवाही किया जा रहा है इसका उदाहरण आज जिला केसीजी का यातायात पुलिस द्वारा कान फोड़ू, तेज आवाज़ मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 02 मोटर साइकल को जब्त कर कड़ी कार्यवाही किया है जो शोर नियंत्रण व ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसी बीच अनेको धाराओं के तहत 06 बस चालकों पर गलत तरीके से नियम विरुद्ध बस खड़ी कर यात्रियों को बस मे बैठाते/छोड़ने पर सहित कुल-35 प्रकरणों मे समन शुल्क 13500 रूपये वसूल की गई है, विभिन्न स्थानों को चिन्हाकित कर कार्यवाही लगातार तेज कर दी गई है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियंत्रित वेग से वाहन चलाने समझाइस दिया जा रहा है साथी मुख्य मार्ग में बैठ जाने वाले मवेशियों के सींग पर रेडियम पट्टी लगाकर सड़क दुर्घटना रोकने का प्रयास भी किया जा रहा है यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा इसी तरह कार्यवाही बढ़ाया जायेगा यातायात नियमों के विरुद्ध चलने वाले वाहनों, स्टंटबाजी करते दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सुचना देवे ताकि कड़ी कार्यवाही किया जायेगा।

## डॉ. आंबेडकर आश्रम में वृक्षारोपण किया गया

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। ग्राम बछेराभाटा स्थित डॉ.आंबेडकर आदिवासी आवासीय शाला में अपराजिता की टीम के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उषा किरण शाह ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया इस अवसर पर शालेय छात्रों को पेन वितरण किया गया। अपराजिता की टीम के द्वारा छात्रों की पढ़ाई आवासीय व्यवस्था आदि के संबंध मे पूछताछ की गई। शाला के सुचारू रूप से संचालन, प्रशासनिक व्यवस्था, एवं साफ-सफाई आदि देखकर टीम ने शाला के संचालक एस.जी.मेश्राम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपराजिता टीम की अध्यक्ष उषा किरण शाह ममता साहू सचिव, कीर्ति मिश्रा कोषाध्यक्ष, भावना सिंग अलका अग्रवाल एरिया ऑफिसर इनकी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## खैरागढ़ कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

खैरागढ़ (दावा)। शासन के निर्देशानुसार रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया।



संस्था के प्राचार्य डॉ. जे. के. साखरे व छात्र संघ प्रभारी जे.के. वैष्णव, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशपाल जंघेल, रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. सुरेश आडवाणी, प्रो. रोहित देवांगन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संस्था के प्राचार्य डॉ.जे. के.साखरे ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि को बताते हुए कहा कि कोई भी युद्ध मानवता के हित में नहीं है, लेकिन कभी-कभी अपने अधिकारों को रक्षा के लिए युद्ध अनिवार्य हो जाता है। प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य शहीद जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए। जे के वैष्णव ने कहा कि हमारा देश भारत हमेशा शांतिप्रिय राष्ट्र रहा है।

वह पहले से किसी भी देश पर हमला नहीं करता, लेकिन जब दुश्मन देश उस पर हमला करता है, तो वह इसका पुरजोर प्रतिरोध करते हुए युद्ध से पीछे नहीं हटता। सन् 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों को करारा जवाब देने के लिए हमारे देश के वीर शहीद सैनिकों के अपनी कुर्बानी पर नमन किया।

रेड रिबन क्लब प्रभारी आडवाणी ने तत्कालीन राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान हमेशा से अवसरवादी रहा है। कश्मीर पर कब्जा करने की नियत से कारगिल पर उसके इस कायरतापूर्ण हमले का करारा जवाब भारतीय जवानों ने दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जंघेल ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में अपने देश के लिए लड़ते हुए जो सैनिक लौट कर घर न आ सके, उनको याद करना हम सभी का कर्तव्य हैं। कारगिल युद्ध में हमारे जवानों ने शौर्य की एक नई पटकथा लिखी है, जिससे हमारी नयी पीढ़ी को अवगत कराना हमारा परम कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता कुंदन कुमार यादव, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ. मेधाविनी तुरे, डॉ.परमेश्वरी टांडिया, अजय कुमार वर्मा, दुर्वासा सिंहा के अलावा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

## जनदर्शन में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर जनदर्शन में 09 आवेदन प्राप्त हुए

कलेक्टर जनदर्शन में आज 09 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। जनदर्शन में आज मानपुर विकासखण्ड के ग्राम नवागांव के समस्त ग्रामवासियों ने पुर्व मा.शाला भवन के जर-जर होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रावासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि शाला भवन की स्थिति अत्यन्त खराब हैं। बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है एवं शाला में शिक्षक की कमी समस्या से भी अवगत कराया गया। इसी तरह जिले के ट्वीटर शिक्षकों ने पूर्व में कार्यरत माध्यमिक शालाओं में ट्वीटर शिक्षकों के नवीनीकरण के संबंध में आवेदन दिया।

इसी तरह ग्राम खड़खड़ी निवासी सुखराम ने आवास प्रदाय कराने के संबंध में तथा ग्राम कांडे के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम कांडे में सामुदायिक वन पत्रक प्राप्त भुमि में अतिक्रमण पर रोक लगाने के संबंध में जनदर्शन में आवेदन दिया है। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे। अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संरक्षित परिचालन हेतु फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भौगोलिक रूप से विविध क्षेत्रों में फैला हुआ है। एक ओर यह समतल मैदानी भागों से होकर गुजरता हैए तो दूसरी ओर घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से भी होकर गुजरता है। इन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम में घना कोहरा ट्रेन परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विशेष रूप से खोंगसरा और भनवारटंक स्टेशनों के पास बिलासपुर-कटनी सेक्शन में कई ट्रेनें कोहरे से प्रभावित होती हैं।

हर साल सर्दियों के महीनों में कोहरे के मौसम के दौरान ट्रेन परिचालन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों को कम करने और सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 933 फॉग सेफडिवाइस लगाए हैं। ये उपकरण विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं ताकि लोको पायलटों को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में सहायता मिल सकें। फ ॉग सेफ डिवाइस एक जीपीएस आधारित नेविगेशन सिस्टम है, जो लोको पायलट को मार्गदर्शन और सटीक जानकारी प्रदान करता है। इस उपकरण में एक एंटीना होता है जिसे इंजन के ऊपरी हिस्से में फिक्स किया जाता है, और यह एंटीना सिग्नल को रिसीव करने के लिए लगाया जाता है। इसके अलावा इसमें एक मेमोरी चिप होती है जिसमें रेलवे रूट की पूरी जानकारी




हर मौसम में सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करती है फॉग सेफ्टी डिवाइस

फीड होती है। खास बात यह है कि इसमें रूट में पड़ने वाले लेवल क्रॉसिंग, जनरल क्रॉसिंग सिग्नल और रेलवे स्टेशन की जानकारी पहले से ही दर्ज होती है। यह डिवाइस लोको पायलट को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट; मैनयुक्त और मैनरहित न्यूट्रल सेक्शन आदि के बारे में ऑनटाइम जानकारी; प्रदर्शन के साथ-साथ ऑडियो मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस प्रणाली से भौगोलिक क्रम में आने वाले अगले तीन निर्दिष्ट स्थलों की लगभग 500 मीटर की दूरी तक की जानकारी मिलती है। ट्रेन परिचालन सिग्नल प्रणाली पर आधारित होता है, लेकिन घने कोहरे के चलते सिग्नल दिखाई नहीं देते, जिससे ट्रेनों को चलाने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में ड्राइवर को सिग्नल ढूंढने में मुश्किल होती है और ट्रेनों को बहुत धीमी गति से चलाना पड़ता है ताकि सिग्नल पार किया जा सकें। फ ॉग सेफडिवाइस के उपयोग से ट्रेन के चालक को काफी सुविधा मिलती है। फॉग सेफडिवाइस सभी प्रकार के अनुभागों जैसे सिंगल लाइन, डबल लाइन, विद्युतीकृत और गैरविद्युतीकृत अनुभागों के साथ ही सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक और डीजल इंजनों, ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू के लिए उपयुक्त है। इस डिवाइस में 18 घंटे के लिए इनबिल्ट रीचार्जेबल बैटरी बैकअप है। यह उपकरण पोर्टेबल आकार में कॉम्पैक्ट वजन में हल्का और मजबूत डिजाइन वाला है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य परीक्षा 12 अगस्त तक संचालित



खैरागढ़ (दावा)। छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य परीक्षा का आयोजन 23 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है और 12 अगस्त तक संचालित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि जिले में उक्त परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र सेजेस छुईखदान तथा सेजेस खैरागढ़ को बनाया गया, जिसमे विकासखंड खैरागढ़ से दसवी के लिए 591 तथा बारहवी के 318 छात्र-छात्रायें तथा विकासखंड छुईखदान से दसवी के 437 तथा बारहवी के 240 छात्र-छात्रायें सम्मिलित हो रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि उक्त परीक्षा प्रातः 09:00 से 12:15 तक संचालित होगी। इस परीक्षा के संचालन हेतु जिला कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उड़नदस्ता दल का गठन किया गया।

जो की परीक्षा दिवस के दौरान परीक्षा में नकल रोकने का कार्य करेंगे, साथ ही सम्पूर्ण परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु जिला के लिए नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर को बनाया गया है। इसी कड़ी में हायरसेकेंडरी (12वी) की हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सेजेस बालक खैरागढ़ में 16 छात्र-छात्राओं ने यह परीक्षा दी एवं सेजेस छुईखदान में 17 विद्यार्थी सम्मिलित हुये तथा 02 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# वार्डों का परिसीमन नियम विरुद्ध, इसलिए हाईकोर्ट ने दिया स्थगन आदेश- कुलबीर छाबड़ा

**परिसीमन प्रक्रिया से आम जनता सहित नेताओं को भी परेशानी- हेमा देशमुख**

**○ हाईकोर्ट के स्थगन आदेश से कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा वालों के लिए भी उचित - शारदा तिवारी**



राजनांदगांव (दावा)। साल के अंतिम माह नवंबर-दिसंबर 2024 में होने वाले नगरीय निकाय का चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा 2011 जनगणना को आधार मानकर नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन कराया जा रहा है जो हर पहलू से न्यायसंगत उचित नहीं लगा और सत्ता सरकार अपने लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य परिसीमन कराया जा रहा है जो जनहित की दृष्टि में उचित नहीं है। जिसको लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा परिसीमन के विरोध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा मेरी याचिका पर स्टे दिया गया है।

इस संबंध में नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय के निर्वाचन प्रक्रिया में परिसीमन का आदेश शासन द्वारा निकाले जाने से जनता के हितों का हनन हो रहा था। जिस पर मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज कर माननीय उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ा। मेरी याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 3693/2024 के विद्वान वकील रत्नेश अग्रवाल ने की हैं।

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि 2011 में हुई जनगणना के अनुसार जनसंख्या राजनांदगांव शहर की 1,63,114 है। 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ फिर 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ। 2021 में जनगणना होनी थी जो कि नहीं हुई है।

श्री छाबड़ा ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 वर्तमान में फिर से परिसीमन प्रक्रिया की जा रही है, जब वार्ड 51 है और इन्हीं 51 वार्डों में 1,63,114 की जनसंख्या के आंकड़े को घूमाकर वार्ड के क्षेत्रों को बार-बार बदला जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। जब 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है इसलिए वार्ड के विस्तार सुधार के लिए जारी निर्देश के बावजूद जनसंख्या का कोई नया आंकड़ा नहीं है।

इस कारण वार्ड का पुर्नगठन किया जाता है तो आरक्षण भी प्रभावित होगा और शहर के प्रत्येक नागरिकों को वार्ड क्रमांक और क्षेत्र बदलने के कारण वार्ड नं. एवं अपने निवास की जानकारी के लिए फिर से आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट और संबंधित सभी उपयोग में होने वाले दस्तावेजों में सुधारने के लिए फिर से जनता को नया आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाना पड़ेगा, जिससे शारीरिक, आर्थिक और मानसिक परेशानी होगी। ये सब स्थितियां जनहित के दृष्टि में उचित नहीं थी और नियमानुसार भी नहीं है।

इस कारण मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की शरण में न्याय में जाना पड़ा जिस पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए मेरे अंतरिम राहत के आवेदन को स्वीकार किया है तथा प्रतिवादियों (शासन) को निर्देश दिया है कि इस विषय पर निगम के वार्डों संख्या और सीमा के निर्धारण के संबंध में अंतिम सूची राजपत्र अधिसूचना अगली सुनवाई तक प्रकाशित नहीं किया जाएगा। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, रूपेश दुबे, मेहुल मारू, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल उपस्थित रहे।

## मछली पालन विभाग में 2.16 करोड़ का गबन: तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि बिलासपुर से गिरफ्तार, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर हड़पी थी राशि





राजनांदगांव (दावा)। शहर के तहसील कार्यालय रोड पर स्थित मत्स्य विभाग में सहायक संचालक के पद पर रही श्रीमती गीतांजलि गजभिये उम्र 47 वर्ष निवासी तुलसीपुर को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आरोपी महिला मछली पालन विभाग ने सहायक संचालक के पद पर रहते हुए केज मामले में दो करोड़ सोलह लाख रुपए का घोटाला किया था। उसके खिलाफ उक्त मामले में विभागीय जांच जारी था इस दौरान वह फरार हो गई थी जिसे पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी में एमन साहू ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में गत 4 जुलाई को प्रार्थी सुदेश कुमार साहू, वर्तमान सहायक संचालक मछलीपालन विभाग ने थाना आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि हितग्राही भुवन लाल द्वारा मछलीपालन विभाग को तत्कालीन सहायक संचालक मछलीपालन श्रीमती गीतांजली गजभिये द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर योजना में प्राप्त राशि का दुरूपयोग करने संबंधी शिकायत दिया गया था। शिकायत आवेदन की मछली पालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच कार्यवाही की गई। जांच में श्रीमती गीतांजली गजभिये तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन द्वारा विभागीय कार्य (केज कल्चर मछली पालन) हेतु शासन से स्वीकृत राशि दो करोड़ सोलह लाख रूपये की स्वीकृति में हितग्राहियों के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रशासन को गुमराह कर स्वीकृति प्राप्त करते हुये विभाग को प्राप्त अनुदान राशि में अनियमितता एवं राशि का दुरूपयोग करना पाया गया। इस पर आरोपी महिला एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों के संचालकों के विरूद्ध अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में उनके स्वयं के नेतृत्व में आरोपिया की पतासाजी हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार भिलाई, धमतरी, रायपुर, एवं बिलासपुर में कैम्प कर आरोपिया की पतासाजी किया जा रहा था। आरोपिया अपने निवास स्थान एवं कर्तव्य स्थल से घटना बाद फरार थी। सायबर तकनिकी की सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर बिलासपुर में घेराबंदी कर आरोपिया श्रीमति गीतांजलि गजभिये को हिरासत मे लेकर राजनांदगांव लाया गया। प्रकरण के संबंध मे पूछताछ किया जाने पर आरोपिया द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पश्चात शनिवार 27 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश का पालन करते हुए उसके परिजनों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहाँ जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल भेजा दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी एमन साहू सहित उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ प्रधान आरक्षक जी. सिरिल, मिलन साहू आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रंजीत चौरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल महिला आरक्षक रेणुका राजपूत एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## आज बजट पर संवाद करेंगे बृजमोहन अग्रवाल



राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप संसद में पेश किये गये आम बजट पर लोगों से चर्चा करने के लिये 'बजट पर संवाद' का देशव्यापी कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में कल दिनांक 28 जुलाई को शहर में भी बजट पर संवाद का कार्यक्रम रखा गया है।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री व रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शहर के बुद्धिजीवियों से चर्चा करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि बजट पर संवाद कार्यक्रम दोपहर 3 बजे रायपुर नाका स्थित होटल एबीस ग्रीन में आयोजित किया हैं। इस कार्यक्रम के लिये शहर के डॉक्टर, वकील, व्यापारिक संगठनों के लोगों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, बुद्धिजीवियों व गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है ताकि बजट पर संवाद का विषय सार्थक हो सकें।

## अनुपूरक बजट में राजनांदगांव जिले को मिली 3 बड़ी सौगातों के लिये मधुसूदन ने आभार माना

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी को मिली लाईब्रेरी, धर्मनगरी को मिली बाईपास रोड एवं परिक्रमा पथ मार्ग अनुपूरक बजट में राजनांदगांव जिले के विकास के लिए किए गए 03 प्रमुख प्रावधानों में संस्कारधानी के गौरवपथ में लाईब्रेरी निर्माण कार्य सहित धर्मनगरी डोंगरगढ़ में रिंग रोड (बाईपास मार्ग) निर्माण कार्य एवं परिक्रमा पथ मार्ग निर्माण कार्य शामिल है।

पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने इन तीनों सौगातों के लिये राजनांदगांव जिले की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद देते हुए इन सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में राजनांदगांव जिले से किये गये उपेक्षापूर्ण



सौतेले व्यवहार के कारण इस क्षेत्र की विकास की गति पर विराम लग गया था, किन्तु भाजपा शासन के अनुपूरक बजट में इसे पुनः गति प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

इसी तारतम्य में राजनांदगांव नगरीय निकाय अंतर्गत गौरव पथ रोड पर प्रस्तावित लाइब्रेरी निर्माण को भाजपा नेता ने शहर के लिए वर्षो बाद एक बड़ी उपलब्धि बताया है। पूर्व सांसद का कहना है कि राजनांदगांव जिला सहित प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के फैसला से छोटे शहरों में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिये शिक्षा, रोजगार एवं कैरियर के क्षेत्र में उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त होंगे।

भाजपा नेता ने अनुपूरक बजट में शामिल राजनांदगांव जिला अंतर्गत विकास एवं निर्माण के दो अन्य कार्यो को भी महत्वपूर्ण सौगात बताया है, जिसमें डोंगरगढ़ में 26 किलोमीटर लंबाई की रिंग रोड (बाईपास मार्ग) निर्माण कार्य जिसकी अनुमानित लागत 82 करोड रुपए है एवं डोंगरगढ़ में 8 किलोमीटर लंबाई का, 59 करोड रुपए की अनुमानित लागत से परिक्रमा पथ फोरलेन मार्ग निर्माण कार्य शामिल है।

### अनुपूरक बजट में दिखी वित्त मंत्री के कुशल वित्तीय प्रबंधन की झलक

पूर्व सांसद मधुसूदन ने यह भी कहा है कि इस अनुपूरक बजट में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के कुशल वित्तीय प्रबंधन की झलक देखने को मिली है, जिसमें कुल 81 अलग-अलग मद में संतुलित एवं सधा हुआ बजट प्रावधान करते हुए प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, बिजली, पानी, उच्च शिक्षा, कौशल विकास से लेकर नवाचार जैसे क्षेत्रों के लिए भी राशि का अनुमोदन कर प्रदेश के बहुमुखी विकास का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अवैध मिठाई कारखाना में दी गई दबिश, खाद्य सामग्री की गई जब्त

**दावा की खबर का तत्काल दिखा असर**



राजनांदगांव(दावा)। त्योहारी सीजन लगने के पूर्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर शहर के कुआं चौक नंदई में अवैध रूप से संचालित मिठाई एवं सोनपापड़ी निर्माता कारखाना में छापा मारा गया। इस दौरान फर्म में व्यापक अनियमितता तथा साफ-सफाई व दस्तावेजों का अभाव पाया गया।

जांच के दौरान फर्म में वैध खाद्य लायसेंस भी नहीं पाया गया। अव्यवस्थाओं के बीच निर्माण किए जा रहे सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक, तेल, मैदा सहित अन्य खाद्य सामग्री जप्त कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु सेंपल लिया गया। लगभग 67 हजार रूपए मूल्य की लूस सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक को सीज कर अभिगृहित किया गया है। कारखाने में निर्माण एवं भंडारित किए जा रहे खाद्य सामग्री को जो संभवतः आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में विक्रय करने की तैयारी थी, किंतु विभाग की कार्रवाई से यह योजना पूरी नहीं हो पायी। फर्म के संचालक को वैध दस्तावेज, उचित साफ-सफाई एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का नियमानुसार व्यापार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। फर्म के संचालक द्वारा स्वमेव आगामी कार्रवाई तक निर्माण बंद कर दिया गया है।

### 'दावा' की खबर का असर

बता दें कि शुक्रवार 26 जुलाई के अंक में दैनिक दावा ने नकली खोले व मिलावटी चीजों से तैयार खाद्य सामग्रियों की जांच जरूरी शीर्षक ?से समाचार का प्रमुखता से प्रकाशन किया था ।खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इस पर तत्काल सक्रियता दिखाते हुए शहर के विभिन्न स्थानों में छापा मार कार्रवाई की जिस पर नंदई में हुई छापामार कार्रवाई में खाद्य सामग्री जब्त किया गया। खाद्य व औषधि विभाग द्वारा जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को वैध दस्तावजों के साथ गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का व्यापार करने की अपील की है।

## चार मौत और अनेक दुर्घटनाओं के बाद जागा पीडब्ल्यूडी विभाग

**डामर रोड को सीमेंट से भरने की कवायद**



डोंगरगांव (दावा)। शहर के मध्य साढ़े पंद्रह करोड़ की लागत से सडक़ चौड़ीकरण व ड्रेनेज निर्माण कार्य लापरवाही तथा अमानक निर्माण कार्य के चलते इस सडक़ में चार मौतें हो चुकी है, वहीं अनेक दुर्घटनाओं में 18 से अधिक गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं. उक्त घटनाओं के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग और संबंधित ठेकेदार डेमेज कंट्रोल के बजाए मुंह फेर कर बैठे हुए थे.

यह खबर का असर है कि कुंभकरणीय नींद में सो रहे विभाग और ठेकेदार ध्वस्त हो चुके सड़क को मरम्मत करने निकले हैं. बता दें कि इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किये जाने के बाद शनिवार को ठेकेदार नवनिर्मित डामर की सडक़ में हुए जानलेवा गड्डों को भरने के लिए कांक्रीट का उपयोग कर रहे हैं. आश्चर्य की बात तो यह है कि इस सडक़ निर्माण कार्य में ठेकेदार ने लाखों की लागत से निर्मित आरसीसी सडक़ को तोडक़र मुरूम डाल दिया है. यह भी रहवासियों और राहगीरों के लिए परेशानियों का सबब बन चुका है.

## मटिया में ढहा मकान : बाल-बाल बचा पड़ौसी



**लगातार बारिश बना आफत**

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते अनेक तरह के नुकसान सामने आ रहे हैं. जहाँ किसानी कार्य में बाधा आ रही है और खुर्रा बोनी किये गए बीज खराब हो गया है. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहर में तरह तरह के नुकसान की खबर सामने आ रही है.

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 27 जुलाई की सुबह डोंगरगांव के वार्ड क्रमांक 13 मटिया में मुख्य सडक़ से लगा हुआ मकान का एक बड़ा दीवार ढह गया और पूरे मकान में जगह जगह दरारें आ गई. ऐसा नहीं है कि यह मकान कच्चा था बल्कि ईंट से बनाया गया पक्का ढलाई किया हुआ मकान है और लगातार बारिश के चलते नीचे का भाग कमजोर हुआ और एक ओर का पूरा दीवार ढह गया. गनीमत यह रही कि मकान मालिक रूपूराम पिता गोपी राम साहू का पूरा परिवार समीप ही अपने भतीजे के यहां गया था. वहीं दीवार ढहने के कुछ समय पूर्व ही समीप का पड़ौसी वहाँ से गुजरा था और वह बालबाल बचा.

बता दें कि यह मकान बारिश के चलते पूरी तरह से जर्जर हो चला है और दीवारों में बड़ी दरारें आ चुकी हैं, ऐसे में यह पूरा मकान कब पूरी तरह से ढह जायेगा कहा नहीं जा सकता. वर्तमान में दीवार ढहने से अंदर का पूरा सामान दब गया है, जिसमें सभी प्रकार के बर्तन और घर गृहस्थी का सामान शामिल है. घर का दीवार ढहने की खबर से जहाँ पूरे गांव में भय का माहौल है, वहीं स्थानीय नेताओं व्दारा मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधा रहे हैं, वहीं शासन प्रशासन की ओर से अब तक कोई अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा है.

## यात्री के साथ हुई जहर खुरानी एवं चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में राजनांदगांव-दुर्ग के मध्य 01 यात्री के साथ हुई जहर खुरानी एवं चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफतार कर शा.रे.पु डोंगरगढ को सुपुर्द किया गया।

मुन्नवर खुर्शीद, महानिरीक्षक आरपीएफ एवं दीप चन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के निर्देशन में रेसुब नागपुर मण्डल में घटित अपराध दिनांक 06.07.2024 को गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद-हावडा एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-04 में यात्रा कर रहे यात्री दिव्येश वल्दय अटल बिहारी सक्सेना निवासी- सॉल्ट लेक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) को उसी बर्थ में यात्रा कर रहे सह यात्री द्वारा खाने की चीज में नशीली दवा खिलाकर बेहोशी आने पर यात्री का बैग चोरी कर लिया गया था।

जिसकी सूचना व एफआईआर यात्री द्वारा हावडा रेलवे स्टेशन पर कराए जाने के उपरांत मामला दिनांक 25.07.2024 को शासकीय रेल पुलिस डोंगरगढ स्थानांतरण पर आते ही घटना की गंभीरता को देखकर घटना में संलिप्त आरोपी की धरपकड हेतु रेलवे सुरक्षा बल की स्पेंशल टीम गठित की गई। जिस पर गठित टीम के निरीक्षक आरपीएफ नंद बहादुर के नेतृत्व में कठोर परिश्रम कर अलग-अलग सीसीटीवी फुटेजों का विश्लेषण करते हुए एवं सभी प्रकार के वैज्ञानिक उपायों व नवीनतम तकनीकी का प्रयोग कर आसूचना तंत्रों के माध्यम से तीव्रता से केस को डिटेक्ट किया गया। मामले में संलिप्त आरोपी मनोज कुमार वल्द ग्यांदीन उम्र- 38 वर्ष, निवासी- एन 28 बी - 97 वजीरपुर, अशोक विहार, उत्तर पश्चिमी दिल्ली को शासकीय रेल पुलिस डोंगरगढ को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। जिस पर शासकीय रेल पुलिस डोंगरगढ में अज्ञात के विरूध्द दर्ज अप.क्र.29/2024 धारा- 123,305 भारतीय न्याय संहिता 25.07.2024 में संलग्न किया गया है। उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी शासकीय रेल पुलिस अलीगढ, बरेली, मुरादाबाद थानों में लगभग 18 मामले जहरखुरानी एवं चोरी के अपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त कार्यवाही में आरपीएफ के निरीक्षक नंदबहादुर सीआईबी/नागपुर, प्र.आ. राजेन्द्र रायकवार एवं आरक्षक नसीर खान का कार्य सराहनीय रहा है।

द्वितीय पुण्यतिथि

आपका कर्मठ, प्रेरणापूर्ण, सादगी भरा व्यक्तित्व सदा हमारे प्रगति पथ को प्रकाशित करता रहे,
अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और लगन हमें निरंतर प्रेरणा देती रहे, आपकी स्मृतियाँ आशीर्वाद के रूप में सदैव हमारे साथ रहे ।



राजकुमार श्री लाल शंकर बहादुर सिंह
14 अगस्त 1928 – 28 जुलाई 2022

भावभीनी श्रद्धांजलि

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह (धर्मपत्नी), डॉ. सविता जे बी सिंह, संजय-मनीषा, प्रीती, भारती, आरती,
जागृति, सावंत-पूजा, स्वयंवरा-सिद्धांत, जन्मेजय, श्रेयांश-ईला, माही, मीठी, मैत्री, शिविका
एवं समस्त राज परिवार खैरागढ़

लाल चन्द्र बहादुर एज़ुकेशनल सोसाइटी के समस्त बोर्ड मेम्बर
समस्त रॉयल किड्स कान्वेंट, समस्त डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल
एवं समस्त रॉयल कॉलेज परिवार

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com